


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,बुधवार 22 मार्च 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -1 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-350 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 मार्च 2023 ₹ 1.00

phone: 0771-2543112


# कोल ट्रांसपोर्टिंग पर बघेल-रमन में गरमागरम बहस, वॉकआउट

रायपुर, 22 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने गारे पलमा कोल ब्लॉक रायगढ़ के कोल ट्रांसपोर्टेशन के रेट और टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मामला विधानसभा में उठाया। रमन सिंह ने कहा- ट्रांसपोर्टेशन के लिए दुगने दर पर टेंडर दिया गया। एसईसीएल का रेट है उससे कहीं ज्यादा है। अतिरिक्त पैसा कहां जा रहा है?

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- किलोमीटर के हिसाब से एसईसीएल खदान के भीतर ट्रांसपोर्टेशन के लिए रेट निर्धारित है। जब पिछली सरकार में टेंडर किया गया और नियम बनाया गया उसी समय ये कह दिया जाता कि गाईडलाईन के हिसाब से परिवहन होगा, लेकिन साल 2017 में तो आपने ऐसा किया नहीं। जब आप मुख्यमंत्री थे तब आपने जो नियम बनाया वहीं है। अलग-अलग खदानों के लिए अलग-अलग रेट आता है। रमन सिंह ने कहा- एसईसीएल ने नोटिफिकेशन जारी किया है इसे लेकर. कोल ट्रांसपोर्टिंग के लिए एसईसीएल मापदंड तय करता है। एसईसीएल जब गाईडलाईन तय कर चुका है, फिर छत्तीसगढ़ का उपक्रम क्यों रेट तय करेगा। प्रति मैट्रिक टन 210 रुपये से ज्यादा की अतिरिक्त वसूली हुई है। करोड़ो की गड़बड़ी ट्रांसपोर्टिंग का रेट बढ़ाकर किया गया है। क्या टेंडर को निरस्त किया जाएगा? सीएम भूपेश



» मुख्यमंत्री ने कहा- ये केमिकल लोचा है

बघेल ने कहा- ये केमिकल लोचा है। एसईसीएल कब से चल रहा है और उसके नियम भी पहले से बने हुए है। अलग-अलग जगह का अलग-रेट है। दूरी के हिसाब से किलोमीटर तय होता है। आपने नियम बनाया रहता तो टेंडर क्यों निकलता। रमन सिंह ने कहा- विधायकों की कमेटी से जांच हो। सीएम ने कहा- मैंने कहा न केमिकल लोचा है। 211 रुपये के रेट में परिवहन होता ही नहीं है। सारे शर्तें और नियम आपने बनाया। रमन सिंह ने कहा- जब इतना बड़ा मामला है तो जांच क्यों नहीं। 232 रुपये के रेट में तैयार हो जाएंगे लोग, जबकि 466 रुपये के रेट में यहां टेंडर दिया गया।

सीएम ने कहा- हमने टेंडर के जरिये रेट तय किया है. 8 कंपनियां शामिल हुई टेंडर में 4 लोग भरे थे टेंडर, जिसमें 2 पात्र पाए गए और 2 अपात्र पाए गए। ऑनलाइन टेंडर जारी किया, देशभर के पत्र-पत्रिकाओं में टेंडर का प्रकाशन हुआ, फिर कहां गड़बड़ी हो गई? इनके मन में गड़बड़ी है तभी मैं कह रहा हूं केमिकल लोचा है। सारा काम पारदर्शी तरीके से हुआ है। रमन सिंह ने कहा- मैं आपके चुनौती देता हूं कि 2012 के दर और अभी के दर पर खुली चर्चा करा लीजिए। सीएम ने कहा- पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है, किसी तरह की जांच की जरूरत नहीं है।लिखित जवाब में मैसर्स जय अंबे लाइंस प्राइवेट लिमिटेड को 40 किलोमीटर हेतु 450 प्रतिनिधित्व रॉबर्टसन रेलवे साइडिंग 80 किलोमीटर हेतु 675 से ऑर्डर दिया गया है।भाजपा विधायक सौरभ सिंह ने कहा- 675 में नई कंपनी को एमडीओ दिया गया है ट्रांसपोर्टेशन के लिए। सीएम ने कहा- जबरदस्ती मामले को घुमाने की कोशिश की जा रही है। सदन में जोरदार हंगामा। पक्ष-विपक्ष में नोक-झोंक। भाजपा विधायक सदन के विधायकों की जांच कमिटी से जांच पर अड़े। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- बार-बार गड़बड़ी की बात करते हैं, इन्होंने खुद गड़बड़ी किया है। सदन में जोरदार हंगामा। उसके बाद नारे लगाते हुए भाजपा ने वॉकआउट किया।

## संक्षेप

### छग में शराबी न्याय योजना लागू हो: अजय

**रायपुर,22 मार्च।** पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा, कांग्रेस सरकार शराबबंदी नहीं करने जा रही है। उन्होंने अपने ट्विटर पर लिखकर ऐसा दावा किया है। वहीं दूसरी उन्होंने शराबबंदी पर कांग्रेस सरकार पर तंज भी कसा हैं लिखा, छत्तीसगढ़ में कल विधानसभा की अनुदान मांगों में ये स्पष्ट हो गया कि छ.ग. सरकार शराबबंदी नही करने जा रही है। गंगा जल की कसम शायद किसी दूसरे विषय की थी, अब छत्तीसगढ़ सरकार को नशा सेवन करवाने के लिए अकादमी बनानी चाहिए और शराबी न्याय योजना लागू करनी चाहिए। शराबबंदी के लिए बनाए गए अध्ययन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कल कहा था, शराबबंदी के लिए वे जल्द ही रिपोर्ट सौंपेंगे। लेकिन बीजेपी शराबबंदी के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरने की कोशिश कर रही है।

### ट्रक-बस में टक्कर, 12 घायल

**कवर्धा,22 मार्च।** तेज रफ्तार ट्रक और यात्री बस के बीच जोरदार भिड़ंत हाने से 12 लोग घायल हुए हैं. घायलों में बच्चे भी शामिल हैं. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी का इलाज जारी है. यह घटना नेशनल हाईवे पर शक्कर कारखाने के पास हरिनछपरा गांव की है. हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर जाम लग गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. वहीं ट्रक और बस को हटवाकर यातायात को बहाल किया. एडिशनल एसपी मनीषा रावटे ने बताया कि यात्री बस पंडरिया की ओर से आ रही थी और ट्रक जगदलपुर से आ रहा था. इस दौरान दोनों गाड़ी में भिड़ंत हो गई. इस हादसे में करीब 12 लोग घायल हुए हैं. सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है.

### अमृतपाल सिंह के घर पहुंची पंजाब पुलिस, भागने में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद

**चंडीगढ़,22 मार्च।** 'वारिस पंजाब दे' का प्रमुख अमृतपाल लगातार पांचवें दिन पुलिस से बच कर फरार है। पुलिस लगातार अमृतपाल को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है और साथ ही जगह-जगह पर दबिश दे रही है। इसी बीच पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने राज्य में 'शांति और सद्भाव' को भंग करने के लिए 154 लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह के अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव स्थित आवास पर पहुंची। गौरतलब है कि अमृतपाल 18 मार्च से ही फरार है। उसकी गिरफतारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। आज बुधवार को पुलिस ने उस बाइक को बरामद कर लिया है जिस पर बैठकर अमृतपाल मौके से फरार हुआ था। जालंधर के एसएसपी स्वर्णदीप सिंह ने इस बात की जानकारी दी ।

### चैत्र नवरात्रि पर हिमाचल के मंदिरों में उमड़ी भीड़

**शिमला 22 मार्च,।** नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि की शुरूआत के मौके पर बुधवार को हिमाचल प्रदेश के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बृजेश्वरी देवी के एक अधिकारी ने बताया कि उत्सव के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।उन्होंने कहा कि वे हर दिन 20,000-25,000 लोगों के आने की उम्मीद कर रहे हैं।

# शिवधाम में शक्ति की भक्ति

## माँ महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर में मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित

रायपुर ,22 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि का श्रीगणेश आज से हो गया है। शिव धाम तुलसी-पाटन में बासंती (चैत्र) नवरात्रि के पहले दिन पूजन, कलश स्थापना एवं ज्योत प्रज्वलन का अनुष्ठान किया गया। प्रदेश भर के देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में उत्सव का माहौल है। ग्राम तुलसी (पाटन) में शिवधाम स्थित माँ महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर में मातारानी का दरबार सज गया है और मनोकामना ज्योत से जगमगा रहा है। शिवधाम की विशेषता यह है कि खारून नदी के तट पर शिवधाम परिसर स्थित विशाल व भव्य अघोरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवलिंग जागृत अवस्था में स्थापित है। परिसर में अघोरेश्वर भगवान राम (गुरुदेव) अद्भुत प्रतिमा के रूप में विराजमान हैं। शिवधाम में माँ महाकाली (अघोरेश्वरी) की प्रतिमा जमीन के नीचे धरती माँ की गोद में स्थापित है। मातारानी यहां अपने दिव्य रूप में दर्शन देती हैं। यहां चैत्र व शारदीय नवरात्रि में अनुष्ठान किये जाते हैं। पंचमी का श्रृंगार 26 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे किया जाएगा। सप्तमी काल में 28 मार्च को रात्रि 10 बजकर 41 मिनट से पूजन-हवन प्रारंभ होगा। 29 मार्च को अष्टमी का पूजन प्रातः साढ़े दस बजे से तथा हवन रात्रि सात बजकर 47 मिनट से शुरू होगा। 30 मार्च को पूर्वान्ह साढ़े बारह बजे कन्या पूजन किया जाएगा। शिवधाम रायपुर से अमलेश्वर, मोतीपुर, झीट होते हुए पाटन रोड पर ग्राम तुलसी में स्थित है। नववर्ष 2080 की बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं ।









# भूकंप: सांसद बैज भागकर बिल्डिंग से बाहर निकले

**नई दिल्ली,22 मार्च।** बीती रात देश की राजधानी दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किये गए, जिसके बाद सभी अपने घरों से बाहर निकलने लगे। लोकसभा में संसद लगने के कारण इस वक्त छत्तीसगढ़ के बस्तर से सांसद दीपक बैज भी राष्ट्रीय राजधानी में थे। जब उन्होंने झटके महसूस किये तो वह भागते हुए बिल्डिंग से बाहर आये। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

बताते चलें कि अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में 6.6 तीव्रता का भूकंप आने के बाद मंगलवार रात दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) समेत उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में तेज झटके महसूस किए गए। शक्तिशाली भूकंप रात 10 बजकर 17 मिनट पर आया। भूकंप के झटकों के बाद दहशत में लोग घरों से बाहर निकल आए। वहीं, भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद कांग्रेस सांसद दीपक बैज भी जान बचाकर कमरे से भाग निकले।

# एटीएम काटते तीन गिरफ्तार

भिलाई,22 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

दुर्ग जिले के कुम्हारी में बैंक एटीएम काटकर रकम की चोरी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह पकड़ में आया है। रात्रि गश्त में निकली पुलिस टीम ने इस गिरोह के तीन सदस्यों को धरदबोचा है। तीनों आरोपी एचडीएफसी बैंक के एटीएम बूथ में घुसकर कटर से अपने इरादे को अंजाम देने की कोशिश में लगे हुए थे। तभी कुम्हारी पुलिस की टीम ने वहां पहुंचकर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए तीनों आरोपी मध्यप्रदेश के बालाघाट के रहने वाले हैं कुम्हारी पुलिस की सक्रियता से एक अतंर्राज्यीय बैंक एटीएम चोर गिरोह को रात्रि गश्त के दौरान पकड़ा गया। चोर गैस कटर की सहायता से शटर काटकर एटीएम के अंदर दाखिल हुए और एटीएम को काटने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहे। जिससे बड़ी चोरी की घटना को अंजाम नहीं दिया जा सका। वहीं कुम्हारी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान उन चोरों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।उल्लेखनीय है कि कुम्हारी थाना क्षेत्र में स्थित एचडीएफसी बैंक को निशाना बनाकर चोरों ने एटीएम में चोरी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की पर वह नाकाम रहें। एचडीएफसी के एटीएम में पांच सौ के 2204 नोट और सौ के 465 नोट थे। जो कुल 11 लाख 48 हजार पांच सौ रुपए एटीएम में थे। जिसे गिरोह चोरी करने वाले थे। चोर पहले तो गैस कटर की सहायता से शटर को काटा और अंदर दाखिल हुए और एटीएम को भी काटने की कोशिश की पर उसमें भी चोरों को कामयाबी हासिल नहीं हुई। चोरों ने वारदात में बिना नंबर प्लेट वाली बाइक का इस्तेमाल किया। उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि गिरोह मध्यप्रदेश के बालाघाट क्षेत्र के हैं।

यह घटना 22-23 मार्च की दरम्यानी रात की है। एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज की आधार पर यह घटना लगभग 3 से 4 बजे के बीच है। वहीं एक बार फिर दुर्ग पुलिस की सक्रियता सफल साबित हुई। कुम्हारी थाना प्रभारी और उसकी 112 की टीम ने अंतर्राज्यीय बैंक एटीएम काटने और चोरी करने वाला गिरोह को घेराबंदी कर रंगे हाथों पकड़ा है।

### पुलिस टीम को आईजी करेंगे पुरुस्कृत

आईजी आनंद छाबड़ा ने उक्त कार्रवाई के लिए सराहना करते हुए पुलिस टीम को प्रोत्साहित करने के लिए 10 हजार नगद पुरस्कार की घोषणा की है। उक्त कार्रवाई में कुम्हारी थाना प्रभारी सुधांशु बघेल, टीआई मानसिंह सोनवानी, आरक्षक राजकुमार सिंह, आरक्षक देवप्रकाश वर्मा, वाहन चालक आरक्षक यशवंत साहू की सक्रिय भूमिका कुम्हारी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अपनी सूझबूझ और दक्ष पुलिसिंग से यह सफलता पाई और आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा।

# हाथियों से नुकसान के मामले में भुगतान लंबित नहीं

रायपुर,22 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन कांग्रेस विधायक मोहित राम ने हाथियों से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए बीते सालों में हाथियों द्वारा किए गए जनहानि और फसल प्रकरणों के लंबित मुआवजे की जानकारी मांगी. वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि कोई भी प्रकरण भुगतान हेतु लंबित नहीं है. मोहित राम ने सवाल किया कि कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत 2020- 21,2021- 22, 2022-23 में हाथियों द्वारा जनहानि, फसल हानि के कितने प्रकरणों में मुआवजा लंबित है. लंबित मुआवजा राशि का भुगतान प्रभावितों को कब तक हो जाएगा. मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि कोई भी प्रकरण भुगतान के लिए लंबित नहीं है. इस पर विधायक ने पूछा कि क्या मुआवजा राशि में बढ़ोतरी प्रस्तावित है. वन मंत्री ने बताया कि पूर्व में मुआवजा राशि को 4 से बढ़ाकर 6 लाख किया गया है, अभी ऐसा कोई नया प्रस्ताव नहीं है. मकान के संबंध में विचार किया जा रहा है. विधायक धर्मजीत सिंह ने सदन में अचानकमार टाइगर रिजर्व से जुड़ा मुद्दा उठाया. उन्होंने सवाल किया कि क्या मुंगेली जिले के अंतर्गत अचानकमार टाइगर रिजर्व अवस्थित है. वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि अचानकमार टाइगर रिजर्व बिलासपुर और मुंगेली जिले अंतर्गत अवस्थित है. इसके साथ विधायक ने पूछा कि क्या टाइगर रिजर्व के लिए प्रवेश द्वार खुड़िया में खोला जाना प्रस्तावित है. मंत्री ने बताया कि विभाग में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है. विधयाक धर्मजीत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की आड़ लेकर अधिकारी टाइगर रिजर्व में दमन कर रहे है. वहां पर गेट खोल देने से दिक्कत क्या है. कायदा-कानून की आड़ लेकर मत बचिए. इस पर मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि मैं इसका परीक्षण करवा लूंगा.

### सदन में उठा जल जीवन मिशन का मुद्दा

विधानसभा बजट सत्र के 13वें दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने जल जीवन मिशन का मुद्दा उठाते हुए मंत्री से रायपुर जिले के लिए आवंटित राशि की जानकारी मांगी. सदन की कार्रवाई शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी. कांग्रेस विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने जल जीवन मिशन का मुद्दा उठाते हुए पीएचई मंत्री रुद्र गुरु से वर्ष 2021- 22 और 2022- 23 जल जीवन मिशन के अंतर्गत रायपुर जिले के लिए आवंटित बजट राशि की जानकारी मांगी.

विधायक ने सवाल किया कि कितनी राशि के वर्क आर्डर जारी किए गए. विधानसभावार जानकारी देवें. मंत्री रूद्र गुरु ने बताया कि जिलेवार बजट का आवंटन नहीं किया जाता. जिलेवार खर्च के लिए आहरण सीमा जारी की जाती है. रायपुर जिले में जल जीवन मिशन के तहत 832400 लाख वर्ष 2022- 23 में 17539.60 लाख राशि का आहरण सीमा जारी की गई. कुल 46533.55 लाख के वर्क ऑर्डर जारी किए गए.

### तेंदूपत्ता संग्राहकों की समस्याओं पर गरमाया सदन

विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन शून्यकाल में तेंदूपत्ता संग्राहकों की समस्याओं पर बीजेपी स्थगन प्रस्ताव लेकर आई. आसंदी ने प्रस्ताव को अग्राह्य किए जाने पर विपक्ष ने हंगामा मचाया. सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित की गई. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने शून्यकाल में तेंदूपत्ता संग्राहकों का मुद्दा उठाया. उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलने वाली चरण पादुका, संग्राहकों को मिलने वाली राशि पर भी नजर होने का आरोप लगाया. इसके साथ ही कहा कि तेंदूपत्ते पारिश्रमिक पिछले चार में कम हुआ है.

# डिजिटल क्रांति में काफी तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : मोदी

**नई दिल्ली,22 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि डिजिटल पावर देश के कोने कोने में पहुंचा है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 120 दिनों में 125 से ज्यादा शहरों में 5जी पहुंच चुका है। मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत डिजिटल क्रांति में काफी आगे बढ़ रहा है। दरअसल प्रधानमंत्री ने नए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के एरिया ऑफिस और इनोवेशन सेंटर और भारत के 6जी टेस्टबेड प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के एरिया ऑफिस, इंनोवेशन सेंटर और साथ ही भारत के 6जी टेस्टबेड प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया है। यह डिजिटल रूप से लाभकारी साबित होगा और इसके माध्यम से इंनोवेशन के नए अवसर बनें।



मोदी ने कहा कि आज भारत 100 करोड़ मोबाइल फोन के साथ मोस्ट कनेक्टेड डेमोक्रेसी ऑफ द वर्ल्ड है। भारत में हर महीने 800 करोड़ से अधिक पीआई आधारित डिजिटल पेमेंट होते हैं। आज भारत में हर दिन 7 करोड़ ई-ऑथेनटिफिकेशन होते हैं। उन्होंने कहा कि ये डिजिटल इंडिया को एक नई ऊर्जा देने के साथ साउथ एशिया और ग्लोबल साउथ के लिए नए समाधान और नए इनोवेशन लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि विक्रम संवत 2080 के पहले दिन दूरसंचार, आईसीटी और संबंधित नवाचारों की शानदार शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि जब हम टेक्नॉलॉजिकल डिवाइड को ब्रिज करने की बात करते हैं तो भारत से अपेक्षा करना बहुत स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सफलता की कहानियों के कई अध्याय लिखे हैं। जेएएम ट्रिनिटी दुनिया के अध्ययन, शोध और विश्लेषण के लिए एक महान विषय है। भारत के लिए दूरसंचार प्रौद्योगिकी केवल शक्ति का एक तरीका नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण का एक मिशन भी है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने डीबीटी के माध्यम से ?28 लाख करोड़ से अधिक भारतीयों के खातों में भेजे हैं। जनधन योजना के माध्यम से हमने अमेरिका की कुल आबादी से भी अधिक बैंक खाते खोले हैं।

मोदी ने कहा कि अब भारत के गांवों में इंटरनेट यूजर्स की संख्या शहरों में रहने वाले इंटरनेट यूजर्स से भी अधिक हो गई है। ये इस बात का प्रमाण है कि डिजिटल पावर कैसे देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने बड़े पैमाने पर डिजिटल समावेशन को मजबूत होते देखा है। 2014 से पहले, ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के केवल लगभग 6 करोड़ उपयोगकर्ता थे और आज यह संख्या लगभग 80 करोड़ हो गई है। उन्होंने कहा कि आज का भारत डिजिटल क्रांति के अगले कदम की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से 5जी रोलआउट करने वाला देश है।

### जेपीसी की मांग पर अड़ी कांग्रेस

**नई दिल्ली,22 मार्च।** अडानी मुद्दे को लेकर विपक्ष जबरदस्त तरीके से सरकार पर हमलवार है। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर जेपीसी की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने एक संवाददाता सम्मेलन किया है। अपने बयान में कांग्रेस नेता ने कहा कि जेपीसी का गठन 1992 में हुआ था जब कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, इसका गठन 2001 में वाजपेयी सरकार के दौरान भी हुआ था।

दोनों शेयर बाजार घोटाले थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह घोटाला केवल शेयर बाजार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पीएम मोदी और सरकार की नीतियों और इरादों से भी जुड़ा है। रमेश ने कहा कि हम यह नहीं कह रहे हैं कि अदानी जी चुप्पी तोडिये। हम कह रहे हैं मोदी जी चुप्पी तोडिये।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि अडानी मामले में जांच के लिए जिस समिति का गठन हुआ है वे अडानी से सवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि हम जो सवाल कर रहे हैं वे प्रधानमंत्री से कर रहे हैं। ये सवाल सुप्रीम कोर्ट की समिति नहीं करेगी, उनकी हिम्मत भी नहीं होगी। ये सिर्फ जेपीसी में ही उठाया जा सकता है। आपको बता दें कि संसद में यह मद्दा काफी गर्म है। इस मुद्दे को लेकर संसद में खूब हंगामा भी हो रहा है।



# अमित शाह से अरूण साव की मंत्रणा

**नई दिल्ली,22 मार्च।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव ने दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। प्रदेश की विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों व अन्य विषयों पर चर्चा की। गृहमंत्री अमित शाह का बस्तर का दौरा 25 मार्च को होगा। इसके लिए अभी से सुरक्षा की सर्चिंग चल रही है। उनके प्रवास से पहले कैंप के चारों तरफ हरदिन करीब 5 हजार जवान सर्चिंग पर निकल रहे हैं। सड़क-गांव से लेकर जंगलों में सुरक्षाबल तैनात है। ड्रोन कैमरे से भी इलाके में नजर रखी जा रही है। सीआरपीएफ के स्थापाना दिवस पर अमित शाह बस्तर आ रहे हैं। इसे लेकर आज अरूण साव ने गृहमंत्री से मंत्रणा की।

### पूर्व विधायिका नीलिमा सिंह टेकाम का निधन

**बालोद,22 मार्च।** स्वर्गीय लाल महेंद्रसिंह टेकाम की धर्मपत्नी पूर्व विधायिका श्रीमती नीलिमा सिंह टेकाम का आकस्मिक निधन ईश्वर उनको सदगति प्रदान करें और परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।

## एक नजर

### कच्चा माल विभाग में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



**भिलाई, 22 मार्च।** सेल - भिलाई इस्पात संयंत्र के कच्चा माल विभाग में सुरक्षा सप्ताह का उदघाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ 7 सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में सुरक्षा संबंधित विभिन्न प्रतियोगितायें तथा गैस सुरक्षा, असुरक्षित कार्य व परिस्थितियां, नियर मिस केश, दुर्घटना विवेचना जैसे विषयों पर व्याख्यान आयोजित किया जायेगा। उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीर कुमार सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी थे 7 अन्य गणमान्य अतिथियों में डॉक्टर राजेश्वर, राम संयुक्त उप निदेशक एस. के. महतो महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता रंजन भारती तथा विभाग के सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी। उद्घाटन सत्र में डॉक्टर राजेश्वर राम जी ने अपने उदबोधन में व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक चिकित्सा के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी।

### संजीत धर ने किया गेट की परीक्षा में ऑल इंडिया 11 वां स्थान प्राप्त

**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई क होनहार छात्र संजीत धर ने गेट की परीक्षा में मेटलर्जी ब्रांच में ऑल इंडिया में 11 वां स्थान प्राप्त किया है। संजीत धर वर्तमान में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। संजीत आरंभ से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं। संजीत ने अपनी 12 वीं की पढ़ाई डीपीएस स्कूल, भिलाई से 95.4 प्रतिशत से उत्तीर्ण की। संजीत के पिता सुजीत धर भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग में सेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं और माता तंद्रा धर जवाहर नवोदय विद्यालय दुर्ग में व्याख्याता (जीव विज्ञान) के पद पर कार्य कर रहीं हैं ।



### रिमोट एप्लीकेशन डाउनलोड करा खाते से चार लाख कर दिए पार

**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई बोरसी निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर रिमोट एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर उसके खाते से चार लाख 22 हजार 999 रुपये की ठगी कर ली गई। शिकायतकर्ता ने आनलाइन सामान खरीदा था जिसकी डिलीवरी देने नाम पर आरोपित ने उसे अपना शिकार बनाया आरोपित ने अलग अलग किस्तों में शिकायतकर्ता के खाते से रुपये निकाल लिए घटना की शिकायत पर पद्मनाभपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की है पद्मनाभपुर ने बताया कि बोरसी दुर्ग निवासी हरीश कुमार टंडन ने घटना की शिकायत की है शिकायतकर्ता ने आनलाइन कंपनी से सामान खरीदी की थी 19 मार्च को शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एक मैसेज आया था जिसमें खरीदे गए सामान को ट्रैक करने की बात लिखी हुई थी शिकायतकर्ता ने उस मैसेज में दिए गए नंबर पर फोन किया तो आरोपित ने एनी डेस्क और आटोमेटिक ट्रांसफर रिमोट एप्स डाउनलोड करवाया इसके बाद आरोपित ने नेट बैंकिंग में जाकर सामान की डिलीवरी देने के लिए पांच रुपये भेजने के लिए कहा शिकायतकर्ता ने जैसे ही पांच रुपये ट्रांसफर किए, उसके बाद उसके मोबाइल पर ओटीपी आने लगे शिकायतकर्ता ने उस ओटीपी को आरोपित को बता दिया जिसके बाद उसका नेट बैंकिंग ब्लाक हो गया इसके बाद उसके खाते से अलग अलग किस्तों में कुल चार लाख 22 हजार 999 रुपये निकाल लिया गया शिकायत पर पद्मनाभपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर जांच शुरू की है ।

### चाकू,पिस्टल लेकर बनाया वीडियों अपलोट करना पड़ा महंगा

**भिलाई।** भिलाई महात्मा गांधी नगर कैंप-2 निवासी एक युवक ने हाथ में चाकू और पिस्टल लेकर बीडियो बनाया और उसे इंटरनेट मीडिया के सोशल. अकाउंट पर अपलोड कर दिया। ये वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश की और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस की गिरफ्त में आते ही युवक कान पकड़कर माफी मांगने लगा और दोबारा ऐसी गलती न करने की बात कही पुंलिस ने बताया कि महात्मा गांधी नगर कैंप-2 निवासी हिमांशु सोनकर ( 23 ) नाम के युवक ने अपना एक वीडियो बनाया था जिसमें उसने चाकू और पिस्टल पकड़कर रील बनाया था उसे उसने अपनी इंस्टाग्राम आइडी पर अपलोड किया था हिमांशु सोनकर ने इंस्टाग्राम पर हिमांशु 302 क्रिमिनल अटैक नाम की आइडी बनाई थी।

# चैत्र नवरात्रि का शुभारम्भ, बही श्रद्धा एवं भक्ति की बयार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 मार्च।** चैत्र नवरात्रि का महापर्व आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि बुधवार 22 मार्च से प्रारम्भ हो गया है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर भक्तों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण को देखने को मिल रहा है। माँ दुर्गा के प्रथम स्वरूप हिमालय की बेटी माँ शैलपुत्री की पूजा कि साथ प्रथम दिवस समस्त शक्तियों का आह्वान किया गया। मंदिरों एवं घरों में आज गजकेसरी, बुधादित्य और सिद्ध मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ ही देवी स्थापना कर माँ भगवती का स्वागत किया गया। अब पूरे नौ दिनों तक मां का अपने भक्तों के घर में वास रहेगा। कलश स्थापना के साथ ही 'वारे भी लगाए गए हैं। ये जवारे समृद्धि, शांति, उन्नति और खुशहाली के प्रतीक हैं। कलश विसर्जन के समय नौवें दिन ये 'वारे भी विधि-विधान से विसर्जित कर दिए जाते हैं। चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। पूरे नौ दिनों तक व्रतोपवास कर भक्त एवं श्रद्धालुगण माँ की उपासना कर सुख-शांति की मंगल कामना करते हैं और माँ की आराधना में लीन रहते हैं। आज सुबह से ही शहर में माहौल भक्तिमय हो गया एवं मंदिरों घंटे-घड़ियाल के बाजे के बीच माँ की स्तुति में जाकर लगते रहे और आरती गान के साथ माँ स्वागत सत्कार किया गया। दुर्गा सप्तशती के पाठ की अनुगूंज भी सुनायी दे रहे है।

### डोंगरगढ़ पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक रूट तैयार




पुलिस अधीक्षक निर्देश तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा डोंगरगढ़ दर्शन के लिए जाने वाले पैदल यात्रियों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रूट तैयार किया गया है। रायपुर की ओर से आने वाले पदयात्रियों के लिये कुम्हारी, चरोदा, डबरापारा से खुर्सीपार रेल्वे फाटक होते, सेक्टर की ओर से मुर्गा चौक, ग्लोब चौक, सेक्टर 09 चौक, एम. डी बांग्ला चौक, जेल तिराहा होते महाराजा चौक, पुलगांव से अंजोरा होते राजनांदगांव जा सकेंगे तथा दुर्ग भिलाई के पदयात्री वाय सेफ ब्रिज होते हुए मालवीय नगर, पटेल चौक से पुलगांव होते हुए अंजोरा से राजनांदगांव तक पहुंच सकेंगे। दुर्ग पुलिस ने पदयात्रियों एवं वाहन चालको से अपील की है कि पदयात्री अपने पीठ पर या बैग में रेडियम स्टीकर लगाकर चलें एवं रिफ्लेक्टिव कपडे पहनें, डार्क कलर का कपडा ना पहनें ताकि वाहन चालक को आप आसानी से दिखाई दे सकें। सड़क के एकदम किनारे बायीं ओर चलें, वाहन चलने वाले सडक पर ना चलें ताकि दुर्घटना से बच सकें। देर रात यात्रा प्रारंभ करने से बचें। प्रशासन द्वारा निर्धारित पदयात्रा मार्ग पर ही चलें । पदयात्रा के दौरान सड़क पर विश्राम ना करे अन्यथा एक गंभीर दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं।

### हर्षोल्लास से मनाया जा रहा गुड़ी पड़वा



हिन्दू नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक गुड़ी पड़वा का त्यौहार भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह महाराष्ट्र प्रदेश में मनाये जाने वाले वसंत ऋतु का पर्व है जिसे बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र मंडल से जुड़े समाजसेवी राजाराम जाधव ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि इस दिन गुड़ी को पूरे विधि-विधान से घर पर फहराया जाता है। यह मंगल और समृद्धि का सूचक है साथ ही नयी फसल की खुशी का भी प्रतीक है। युवा कार्यकर्त्ता विवेक जाधव ने बताया कि उन्होंने गुड़ी पड़वा को देखते हुए गुड़ी (पताका) को फहराने के लिए परिवार के साथ तैयारी कर ली है। महाराष्ट्र मंडल द्वारा इस अवसर पर फड़के की मोटिवेशनल स्पीच भी रखी गयी है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रकल्प की बानी सोनी होंगी जिला संयोजक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 22 मार्च।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के प्रदेश प्रभारी अंजय शुक्ला की सहमति एवं जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल की स्वीकृति से भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के जिला संयोजक पद पर श्रीमती बानी सोनी की नियुक्ति की है।

नियुक्ति पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लड़कियों के साथ भेदभाव समाप्त करने तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकने का आह्वान किया है। देश में बेटियों के साथ भेदभाव समाप्त करने तथा उनके लिये समानता का माहौल बनाने का उद्देश्य लेकर मोदी सरकार काम कर रही है। मोदी सरकार का दृष्टिकोण है कि लोगों को अपनी बेटियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना चाहिए, वे पढ़ाई से लेकर खेल के मैदान तक बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। कन्या भ्रूण हत्या भी गंभीर चिंता का विषय है, इस बुराई की समाप्ति के लिए जन जागरण आवश्यक है। मोदी सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को विशेष रुप से चला रही है साथ ही इन्हीं सारे बिंदुओं पर कार्य करने हेतु भारतीय जनता पार्टी ने भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प बनाया है और दुर्ग जिले में इसमें वरिष्ठ भाजपा नेत्री बानी सोनी को जिला संयोजक के रूप में नियुक्त किया है।जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प की नवनियुक्त जिला संयोजक बानी सोनी को निर्देशित करते हुए दुर्ग जिला संगठन में पार्टी के सभी 13 मंडलों में मंडल संयोजक एवं मंडल टीम गठन करने हेतु निर्देशित किया।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के जिला संयोजक के रूप में बानी सोनी की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करने वालों में जिला भाजपा उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, दिलीप साहू, विनायक नातू, के.एस. चौहान, श्रीमती अलका बाघमार, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक, जिला मंत्री पवन शर्मा, बोधन यादव, आशीष निमजे, श्रीमती अमिता बंजारे, रोहित साहू, जिला कोषाध्यक्ष विनोद अरोरा, जिला सह-कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, जिला सह-कार्यालय मंत्री मदन वाढ़ई, जिला प्रवक्ता दिनेश देवांगन, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, जिला मीडिया सह-प्रभारी राकेश दुग्गड़, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी- नारायण दत्त तिवारी, अजय वर्मा, डॉ देवनारायण तांडी, वरिष्ठ भाजपा नेता डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, प्रीतपाल बेलचंदन, अजय तिवारी, देवेंद्र सिंह चंदेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, डॉ. सुनील साहू, सुनील अग्रवाल, देवनारायण चंद्राकर, मनमोहन शर्मा, राकेश यादव, संदीप जैन, राहुल पंडित, विजय ताम्रकार, बंटी चौहान, संतोष सोनी, साजन जोसेफ, काशीराम कोसरे, शंकर दमाहे, अहिल्या यादव, भारतेंदु गौतम, रोमनाथ साहू, गणेश निर्मलकर, अनिकेत यादव, अनूप सोनी, आशुतोष मिलिंद, मुकेश बेलचंदन, बानी सोनी, नरेश शर्मा, राहुल कुमावत, हेमा शर्मा, टीपी वर्मा, डॉ. शरद अग्रवाल, शारदा गुप्ता, रजा खोखर, दीपक सिन्हा, प्रशांत जोशी, चंद्रकांत साहू, संदीप भाटिया, हेमंत गोयल, मनोज शर्मा, पार्षद मनीष साहू, चमेली योगेंद्र साहू, नरेंद्र बंजारे, लीना देवांगन, अजीत वैद्य, नरेश तेजवानी, ओमप्रकाश सेन, मीना गुलाब वर्मा, द्वारिका साहू, हेमा जगदीश शर्मा, कविता तांडी, गायत्री साहू, पूर्व पार्षद नरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र सिंह चंदेल, रितेश शर्मा, मुकेश बेलचंदन, नवीन सिंह पवार, सत्येंद्र सिंह राजपूत, राजेश चंद्राकर, मोहन बागुल, दीपक उमरे, शम्भू पटेल, सुनील साहू, उत्तम देशमुख, सुनीता साहू, लता साहू, लोमेश्वरी साहू, पीलिया साहू, डॉली तिवारी, पूर्णिमा साहू, यामिनी साहू, लता गंधर्व, राधा राजपूत, त्रिवेणी वर्मा, अनुसुइया नागवंशी, शकुंतला राजपूत, रेखा धनकर, शैल देवांगन, मीनाक्षी महोबिया, मंजू यादव, संतोषी अग्रवाल, गीता ठाकुर, रुपौतीन सिन्हा, दिलेश्वरी तुर्कर, शीतल जंघेल, सरस्वती साहू, पुगनी साहू, किरण साहू, राधा साहू, पूर्णिमा साहू, आशा निर्मलकर, अदिति खरिया, पूनम चंद्राकर, नीलू सिंह, मीना बानावाली, राखी ठाकरे, सीमा परगनिहा, विष्णु साहू, नवीन सिंह पवार, मनोज शर्मा, प्रीति राजपूत, प्रभा डडसेना, झरना वर्मा, श्वेता कनौजिया, प्रांजल भारद्वाज, संजय शुक्ला, महेश जैन, कौशल साहू, धर्मेंद्र ठाकुर सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल है।



### वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचकर वर- बधू को रामकृष्ण साहू ने आशीर्वाद दिया



**कवर्धा, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचकर बार बधू को जिला साहू संघ उपाध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने आशीर्वाद दिया और आशीर्वाद देते हुए जिला पंचायत रामकृष्ण साहू ने कहा की आप दोनो हमेशा खुश रहिए और आपका भविष्य हमेशा उज्ज्वल और सुख , समृद्धि से भरा हो ।

### साइंटिस्ट बनकर दादा के सपनो को साकार करना है: रोमिल जैन



**साजा, 22 मार्च।** मिथुन जैन और वर्षा जैन के सुपुत्र रोमिल जैन क्लास थ्री में 97 प्रतिशत प्राप्त किए । तरुण छत्तीसगढ़ से रोमिल जैन ने कहा की मेरे आदर्श ऋषभ जैन है और उनका हमेशा सपना था की बड़ा होकर रोमिल साइंटिस्ट बने और मुझे भी बड़ा होकर साइंटिस्ट बनना है और दादा के सपनो को साकार करना है । जीनियस पब्लिक स्कूल के टीचर्स की तारीफ करते हुए रोमिल ने कहा की टीचर्स बहुत अच्छा पढ़ाते है ।

### जुनवानी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह में कन्हैया और सीमा ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया



**कवर्धा, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जुनवानी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा अनंत , जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा होरिराम साहू और जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गंगोत्री योगी ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

# सुरक्षा प्रबंधकारिणी समिति के अंतर्गत जांच समिति के सदस्य सम्मानित



**भिलाई, 22 मार्च।** सेल - भिलाई इस्पात सयंत्र प्रबंधन द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मेसर्स स्वस्या सोल्यूशन को सुरक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। इस सलाहकार समिति ने एक प्रभावी सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली तैयार की है, जिसका संयत्र स्तर पर कड़ाई से पालन किया जा रहा हैं और कार्यक्षेत्र के खतरों को कम करने और सुरक्षित कार्यव्यवहार अपनाने हेतु इसे लागू किया जा रहा है। निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात सयंत्र अनिर्बान दासगुप्ता की अध्यक्षता में सुरक्षा प्रबंधकारिणी समिति की संरचना की गयी है। इस समिति मे छह वर्टिकल कार्य प्रणाली सम्मिलित है जिसमे ढ्ढ2ष्टस्नञ्ज घटना जांच समिति भी शामिल है 7 डॉ. अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के अध्यक्षता में ढ्ढ2ष्टस्नञ्ज समिति द्वारा सभी घटनाओं एवं नियर मिस मामलों की रिपोर्ट की गहन जांच कर घटना के मूल कारणों को पहचान कर सुधारात्मक उपायों को अमल में लाया जा रहा है। ढ्ढ2ष्टस्नञ्ज के गठन के उपरांत संयंत्र में घटित सभी गंभीर और घातक दुर्घटनाओं एवं नियर मिस मामलों को चिन्हित कर एक समय सीमा के अवधि में जांच की गयी है और सभी सुधारात्मक कार्यवाहियों को लागू कर दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने का भरसक प्रयास किया गया है। 07 मार्च 202× को भिलाई के कला मंदिर में मनाये गए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा ढ्ढ2ष्टस्नञ्ज टीम द्वारा किए गए इन प्रयासों की सराहना की गयी एवं इस टीम को बेस्ट सी.एफ.टी. पुरस्कार से सम्मानित किया गया है 7 इस संबंध में 16 मार्च 202× को ढ्ढ2ष्टस्नञ्ज टीम लीडर डॉ. अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के सम्मेलन कक्ष में ढ्ढ2ष्टस्नञ्ज के सभी सदस्यों की हौसला अफजाई की गयी। डॉ. पंडा ने उपस्थित सभी क्लस्टर सदस्य - अनूप दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये, मुख्य महाप्रबंधक अनीष सेनगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एस टोकदार, मुख्य महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी बी के महापात्र, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एन के डेथे, महाप्रबंधक बी मधु पिल्लई, महाप्रबंधक अविलाष पंसारी, सहा महाप्रबंधक एवं अन्य क्लस्टर सदस्य को उनके समर्पित कार्य एवं अथक प्रयासों के लिए बधाई दी, साथ ही संयंत्र के अंदर शून्य अग्नि दुर्घटना / घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी सदस्यों से सामूहिक रूप से कार्य करने का आग्रह किया ।

### युवती हादसे का शिकार



**भिलाई।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र मां के लिए दवाई लेने के लिए पावर हाउस चौक के मेडिकल पर पहुंची एक युवती हादसे का शिकार हो गई दवाई लेकर अस्पताल जाते समय एक तेज रफ्तार बस ने उसे ठोकर मार दी घटना के बाद बस चालक बस समेत फरार हो गया उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के अनुसार भिलाई-3 निवासी पिंकी निषाद ( 23 ) नाम की युवती की मां श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज में भर्ती है वो पावर हाउस चौक स्थित लक्ष्मी मेडिकल से अपनी मां के लिए दवाई लेकर अस्पताल जा रही थी जैसे ही वो दवाई लेकर स्कूटी से अस्पताल के लिए निकली उसे रायपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार बस ने ठोकर मार दी हादसे में पिंकी को गंभीर चोट लगी उसे फौरन लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

### आदर्श इस्पात ग्राम एवं परिधीय ग्रामों में नलकूप खनन के बाद हैण्ड पम्प का हस्तांतरण



**भिलाई, 22 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आदर्श इस्पात ग्राम एवं परिधीय ग्रामों में पूर्व में किए गए खनन नलकूप पर हैण्ड पम्प का हस्तांतरण किया गया। भिलाई इस्पात सयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम डूमरडीह, घुघसीडीह, मचान्दुर, एवं बोरिगारिका में पूर्व किए गए खनन नलकूप पर हैण्ड पम्प का हस्तांतरण किया गया 7 ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने और जल ही जीवन है के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग, भिलाई इस्पात सयंत्र द्वारा आदर्श इस्पात ग्राम एवं परिधिय ग्राम में पूर्व में नलकूप खनन कराया गया था जिस पर हैण्ड पम्प का हस्तांतरण का कार्य भी अब पूरा किया गया। इसमें ग्राम् डूमरडीह 2 स्थानों पर नलकूप खनन एवं हैण्ड पम्प, ग्राम् घुघसीडीह 1 स्थान पर नलकूप खनन एवं हैण्ड पम्प, ग्राम् मचान्दुर 2 स्थानों पर नलकूप खनन, एवं ग्राम् बोरिगारिका 2 स्थानों पर हुए नलकूप खनन परहैण्ड पम्प लगाया गया 7 कार्य की कुल लागत लगभग 5 लाख 62 हज़ार रुपये रही । हितग्राही ग्राम सरपंचों एवं सभी ग्रामवासियों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के इन कार्यो के प्रति आभार व्यक्त किया 7 इस अवसर पर ग्रामों के सरपंच, पंच, ग्रामीण जन एवं सी.एस.आर.विभाग के सहायक प्रबंधक विवेक मिश्रा, आशुतोष सोनी एवं नगर सेवायें विभाग से सहायक प्रबंधक के.के. वर्मा उपस्थित थे।

### दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई कुम्हारी थाना अंतर्गत बीती रात अज्ञात चोर दुकान का शटर का ताला तोड़कर गल्ले में रखे गहने चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी कुम्हारी निवासी गुरुदयाल दुकानदारी का काम करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 मार्च की रात 9 बजे अपना दुकान बंद कर अपने घर चला गया था आज अपने दुकान जीई रोड कुम्हारी में खोलने आया तो देखा कि दुकान के शटर तोड़कर अज्ञात चोर गल्ला में रखे एक नग सोने की टूटी हुई अंगूठी, एवं चांदी के सिक्के को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

# बॉलीवुड , छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक गीत-संगीत के साथ हुआ भोरमदेव महोत्सव का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,22 मार्च।** छत्तीसगढ़ की लोक-पारम्परिक लोकगीत तथा बॉलीवुड की सुपर-डूपर हिन्दी फिल्मों की गाने के साथ कबीरधाम जिले में आयोजित भोरमदेव महोत्सव वर्ष 2023 का विधिवत समापन हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ विधिवत हुआ। छत्तीसगढ़ कबीरधाम की ऐतिहासिक, पुरात्तविक, धार्मिक, पर्यटन और जन आस्था का केन्द्र के नाम से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन होते आ रहा है। यह 27 वां भोरमदेव महोत्सव था। महोत्सव समापन से पूर्व बाबा भोरमदेव मंदिर के शिव जी का विधिवत प्रातः काल महाअभिषेक, एक हजार नामों से सहस्त्रार्चन,रूद्राभिषेक, विशेष श्रृंगार आरती की गई। दूसरे पहर शायं काल में सहस्त्रधारा से महाभिषेक, श्रृंगार महाआरती-भस्म आरती, शिव सरोवर के सामने भगवान वरूण देव का पूजन, दीपदान, गंगा आरती की गई। भोरमेदव महोत्सव के द्वितीय दिन समापन समारोह के विशेष अतिथि के रूप में मां महामाया मंदिर के पुजारी अमित दुबे, मां सिंहवाहिनी मंदिर के पुजारी श्री अजय सिंह ठाकुर, मां



काली मंदिर पुजारी श्री शंकर पाण्डेय, श्री राम मंदिर बोडला के पुजारी श्री हरि पाठक, मां महामाया मंदिर पंडरिया के पुजारी श्री प्रयास पाठक, चरणतीथ बोड़ला श्री नन्दूलाल और ग्राम भैंसाडबरी पंडरिया श्री बड्डूलाल सड़िया तथा कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा रावटे , डीएफओ श्री चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। भोरमदेव महोत्सव में दूसरे दिन मंदिर प्रांगण पर 12 से 12.30 बजे के बीच मनोहर भास्कर के द्वारा पंथी गीत भजन, 12.30 बजे से 1.15 के बीच सुखचंद पटेल के द्वारा भजन मंडली, 01.15 से 02 के बीच रामकृपाल द्वारा जसगीत, 02 से 02.45 के बीच शेखर धुर्वे एवं साथी द्वारा जसगीत/शिव भजन, 02.45 से 3.30 के बीच शिवकुमार यादव द्वारा बांसगीत, 3.30 से 04 के बीच पीलाराम साहू द्वारा रामायण/जसगीत, 04 से 04.30 बजे तक सरस्वती विश्वकर्मा द्वारा पण्डवानी और 4.30 से 05 बजे के बीच नीता मानिकपुरी द्वारा भजन/जसगीत की शानदान प्रस्तुति दी।महोत्सव स्थल पर स्कूली बच्चों के आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्याक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद खैरागढ़ के डॉ. नीता राजेन्द्र सिंह ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। श्री गुरूदास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ लोकगीत की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। भाटापारा के सुश्री अंशिका चौहान ने सुगम संगीत की प्रस्तुति दी। ग्राम दुल्लापुर के गोलू दिवाना ने लोक संगीत की प्रस्तुति देते हुए महोत्सव में आए दर्शकों का मन मोहा। रायपुर से आए डॉ. आरती सिंह ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देते हुए भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई। इसके बाद सारेगामापा विजेता सिंगर सुश्री इशिता विश्वकर्मा एवं एवं उनकी पूरी टीम की सुपर-हिट गीत संगीत की प्रस्तुति देकर महोत्सव का शमा बांधा। वहीं महोत्सव के समापन अवसर पर छत्त्तीसगढ़ के लोकप्रिय गायिका श्रीमती अल्का चंद्रकार ने अपनी प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को आगे बढ़ाया और मंच का मान बढ़ाया।भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट की ओर से कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने महोत्सव के समापन अवसर उपस्थित सभी विशेष अतिथियों एवं कलाकारों को भोरमदेव महोत्सव वर्ष 2023 को प्रतिक चिन्ह, शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, बोडला जनपद उपाध्यक्ष श्री सनत जयसवाल, श्री मोहित महेश्वरी, एल्डर मेन श्री दलजीत पहुआ ,एवं अन्य गणमान्य नागरिक सहित वनमण्डलाअधिकारी श्री चुड़ामणि सिंह, अपर कलेक्टर श्री इंद्रजीत बर्मन, संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, सुश्री दिप्ती गौते, एसडीएम कवर्धा श्री पीसी कोरी, बोड़ला श्री संदीप ठाकुर, पंडरिया श्री डीआर डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर, सुश्री आकांक्षा नायक, श्रीमती लेखा अजगल्ले विशेष रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन श्री अवधेश नंदन श्रीवास्तव एवं श्रीमती मीरा देवांगन ने किया।

# सभी शासकीय अस्पतालों में 1 जून से कैशलेस व्यवस्था: टी.एस. सिंहदेव

## मंत्री सिंहदेव के विभागों के लिए 5122 करोड़ 8 लाख 71 हजार रुपए की अनुदान मांगे पारित



**रायपुर, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, वाणिज्यिक कर और बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव के विभागों के लिए कुल 5122 करोड़ आठ लाख 71 हजार रुपए की अनुदान मांगे सर्वसम्मति से पारित की गई। इनमें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 3207 करोड़ 70 लाख 90 हजार रुपए, चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित व्यय के लिए 1574 करोड़ 48 लाख तीन हजार रुपए, वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित व्यय के लिए 335 करोड़ 76 लाख 63 हजार रुपए तथा बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग से संबंधित व्यय के लिए चार करोड़ 13 लाख 15 हजार रुपए शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन को बताया कि प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों में आगामी एक जून से कैशलेस व्यवस्था चालू हो जाएगी। मरीजों को इलाज, जांच एवं दवाओं के लिए एक रूपया भी नहीं देना होगा। ओपीडी, आईपीडी, दवा एवं सभी तरह की डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदेशवासियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस पर अपनी स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि कैशलेस व्यवस्था से यूनिवर्सल हेल्थ केयर की परिकल्पना के अनुरूप स्वास्थ्य को एक अधिकार का रूप देने के लक्ष्य को हासिल करने के साथ ही प्रदेश की न्याय योजनाओं में एक और आयाम जुड़ेगा। इससे कैशलेस शासकीय अस्पताल की परिकल्पना पूर्ण होगी।श्री सिंहदेव ने कहा कि यूनिवर्सल हेल्थ केयर की अवधारणा को साकार करने में मानव संसाधन की अहम भूमिका है। प्रदेश में वर्ष 2017-18 में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या 179 थी जो पिछले 4 वर्षों में बढ़कर 534 हो गई है। विगत 4 वर्षों में ही इसमें तीन गुना वृद्धि हुई है। बीते 4 वर्षों में चिकित्सा अधिकारियों की संख्या 1302 से बढ़कर 2413 एवं दंत चिकित्सकों की संख्या 67 से बढ़कर 222 हो गई है। उन्होंने कहा कि 2017-18 में प्रदेश में डायलिसिस की सुविधा केवल तीन स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध थी, जो आज बढ़कर 29 स्वास्थ्य केन्द्रों तक पहुंच चुकी है। इन केन्द्रों में इस साल किडनी के मरीजों के 42 हजार डायलिसिस किए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में बताया कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ प्रदेश के 85 प्रतिशत परिवारों को मिल रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत दुर्लभ एवं गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 20 लाख रूपए तक की राशि जरूरतमंदों को प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ आयुष्मान कार्ड बनाने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने बताया कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए वर्ष 2023-24 के लिए 990 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है, जो कि 2018-19 की तुलना में तीन गुना वृद्धि है। स्वास्थ्य योजनाओं में केन्द्रांश एवं राज्यांश का अनुपात वर्ष 2018-19 में 40:60 प्रतिशत हुआ करता था, यह अब 30:70 प्रतिशत हो गया है। आने वाले वर्षों में यह अनुपात 20:80 प्रतिशत हो जाएगा। श्री सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में सबसे ज्यादा सिकलसेल से प्रभावित मरीज पाए जाने वाले राज्यों में से एक है। इसे पूरी गंभीरता से लेते हुए राज्य के हर जिले में सिकलसेल प्रबंधन केन्द्र की स्थापना कर देश में सर्वाधिक 51 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। सिकलसेल इंस्टीट्यूट का नवीन भवन 45 करोड़ रूपए की लागत से निर्माणाधीन है। प्रदेश में सिकलसेल की जांच के लिए पाईंट ऑफ केयर टेस्टिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस टेस्ट से तत्काल पता चल जाएगा कि व्यक्ति सिकलसेल से पीड़ित है या नहीं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के तीन नए मेडिकल कॉलेजों कांकेर, महासमुंद और कोरबा के भवन के निर्माण के लिए टेण्डर की प्रक्रिया चल रही है।

एक नजर

### महिला प्रधान आरक्षक ने महिला संबंधित अपराध एवं अभिव्यक्ति एप की जानकारी दी



**राजनांदगांव 22 मार्च।** 21 मार्च को डॉ.श्री बल्देव प्रसाद मिश्र हा.से. स्कूल राजनांदगांव में शिक्षा विभाग द्वारा जिले के शिक्षकों को शाला सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती पद्मश्री तंवर के मार्गदर्शन में सायबर सेल राजनांदगांव द्वारा साइबर क्राईम एवं रक्षा टीम द्वारा महिला सुरक्षा एवं अभिव्यक्ति एप के संबंध में उपस्थित शिक्षकों को जानकारी देकर किया गया जागरूक। प्रभारी सायबर सेल राजनांदगांव निरीक्षक श्री उमेश बघेल द्वारा सायबर अपराधों एवं उससे बचने के उपाय की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, वाट्सअप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम में अंजान व्यक्ति से फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करने, अपना फोटो, विडियों, आधार नम्बर, ओटीपी, सीव्हीव्ही दूसरो को शेयर न करने, अंजान व्यक्तियों द्वारा भेजे गये लिंक को टच ना करने के संबंध में जानकारी दी गई, ऑनलाइन फायनेंसियल फ्राड होने पर तत्काल हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाने या निकटतम थाना व सायबर सेल में जाकर शिकायत कर उन रूपयों को फ्रिज करवाने की जानकारी दी गई। तत्पश्चात आई.यू.सी.ए.डल्ब्यू. में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक श्रीमती डोमेश्वरी साहू द्वारा महिला संबंधित अपराध एवं अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में जानकारी दी जिसे अपने मोबाईल पर प्लेस्टर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है, इस ऐप का उद्देश्य मुशीबत में फंसी महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। बलात्कार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, मारपीट, टोनही प्रताड़ना, दहेज प्रताड़ना, अपहरण, बाल विवाह, मानव तस्करी, एसिड अटेक, लैंगिक अपराध आदि से पीड़ित महिला कहीं से भी अभिव्यक्ति ऐप पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है जिसपर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जावेगी।

### 23 मार्च को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 22 मार्च।** राज्य शासन के निर्देशानुसार चैतीचांद के उपलक्ष्य में 23 मार्च दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है।

### पत्नी को जान से मारने की धमकी देने वाला व्यक्ति चढ़ा पुलिस के हत्थे

**राजनांदगांव 22 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले सीएसपी महोदय राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी निरी. आलोक साहू के नेतृत्व में उनि महेश रजक ,प्र.आर. 1206 लोकनाथ वर्मा,आर. 1319 अर्जुन ठाकुर की टीम तैयार कर आरोपी राजू साहू पिता नेतराम साहू उम्र 30 वर्ष सा. कोटरा चौक सुरगी को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे चेक करने पर एक लोहे का चाकू बरामद किया गया । आरोपी को धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट की विधिवत कार्यवाही कर तत्काल गवाहों के सामने पकड़कर आरोपी के कब्जे लोहे का चाकू जप्त कर गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

### रिटायरमेंट के प्रति भारतीयों का बदल रहा रवैया

**रायपुर 22 मार्च।** अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थरों में से एक रिटायरमेंट के प्रति भारतीयों का वर्तमान रवैया है बदल रहा है और उनके लिए अब रिटायरमेंट एक विराम है, एक पड़ाव नहीं,. यह खुलासा रिटायरमेंट योजना के प्रति लोगों के दृष्टिकोण को समझने के लिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के एक अध्ययन में हुआ जिसका शीर्षक था ÷क्या भारत रिटायरमेंट के लिए तैयार है

निष्कर्ष बताते हैं कि रिटायरमेंट को एक ऐसे समय के रूप में सकारात्मक रूप से देखा जाता है जो संभावनाओं से भरा हुआ है। इसे एक ऐसे समय के रूप में देखा जाता है जब कोई नई शुरुआत कर सकता है और अपनी इच्छानुसार जीवन जी सकता है। बड़ी संख्या में लोग इसे मेंटेनेंस, अपग्रेडेशन और विकास के चरण के रूप में देखते हैं। जैसा कि 83त्न उत्तरदाताओं ने संकेत दिया है कि रिटायरमेंट के बाद भी वर्तमान जीवन शैली को जारी रखना उनकी टॉप प्रायोरिटी है। हर पांच में से तीन उत्तरदाताओं कहा कि उनके रिटायरमेंट लक्ष्यों में जीवन का आनंद लेना, दोस्तों के साथ जुड़े रहना, विदेश यात्रा करना, आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस करना और अपने जीवन के इस नए अध्याय में मन की शांति शामिल है। हालांकि रिटायरमेंट का फेज उत्तरदाताओं के बीच सकारात्मक भावनाओं को जगाता है, साथ ही वे अपने जीवन के नए अध्याय की योजना बनाते समय महंगाई और बढ़ते चिकित्सा खर्चों को भी ध्यान में रखते हैं। कुछ लोगों ने महसूस किया कि यह उनके जीवन स्तर को प्रभावित कर सकता है। सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से दो-तिहाई से अधिक ने बताया कि महंगाई को लेकर वे चिंतित हैं जो उनकी रिटायरमेंट सेविंग को प्रभावित करता है और जिससे उनकी लाइफस्टाइल भी प्रभावित होगी।

# पंचायत सचिवों की बेमुद्दत हड़ताल का सातवां दिन जरूरतमंद ग्रामीणों के कार्य नहीं होने से मुश्किलें बढ़ी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 22 मार्च।** परिवीक्षा अवधि के बाद शासकीय करण की घोषणा नहीं होने से आक्रोशित पंचायत सचिव ग्राम पंचायतों में काम बंद व कलम बंद कर हड़ताल पर बैठ गए हैं हड़ताल से पंचायतों में कामकाज पूरी तरह से ठप्प हो गया है जरूरतमंद ग्रामीणों के कार्य नहीं होने से उनकी परेशानियां बढ़ गई है पंचायत सचिवों के हड़ताल से शासन के महत्वकांक्षी योजना गोबर खरीदी रिपा कार्य गौठान के समस्त कार्य सहित मनरेगा जन्म मृत्यु पंजीयन राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन मुख्यमंत्री पेंशन राष्ट्रीय परिवार सहायता श्रद्धांजलि योजना पेयजल व्यवस्था शौचालय निर्माण वन अधिकार पट्टा वितरण स्वामित्व योजना सर्वेक्षण ग्राम सभा बजट निर्माण समस्त निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम माह होने से लेखा-जोखा के कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है इधर पंचायत सचिव अपनी मांगे शीघ्र पूरा करने धरना स्थल पर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं

उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर आदिवासी ब्लाक मुख्यालय नगरी के रावनभांठा मैदान में पंचायत सचिव संघ ने अपने एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, हड़ताल के सातवें दिन नगरी ब्लाक सचिव संघ के अध्यक्ष अनित कुमार ध्रुव ने बताया की केंद्र और राज्य सरकार की समस्त योजनाओं को जमीनी स्तर पर पंचायत सचिव के द्वारा पूरी जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित किया जाता है इसके बावजूद सरकार हमारी उपेक्षा कर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, पंचायत सचिवों ने कई मर्तबा उच्च स्तर पर शासकीय करण करने ज्ञापन सौंपा है जिस पर पंचायत मंत्री ने इस पर विचार करने आश्वासन दिया था, इसके बावजूद भी शासकीय करण के संबंध में आज तक कोई पहल नहीं होने के कारण समस्त पंचायत सचिवों में रोष व्याप्त है, सचिव संघ ने सरकार को चेतावनी देते कहा कि अगर सरकार के द्वारा हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो जनपद पंचायत नगरी के सभी पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन काम बंद, कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे इस मौके पर हड़ताली सचिवों में संतोष ध्रुव भोलाराम साहू राधेलाल मरकाम बिंदेश्वर यादव खूबचंद ध्रुव पीलाराम सेन प्रमोद महिलांगे लक्ष्मी साहू मदन सेन, रैन कुमार ध्रुव लखनराम मरकाम भीखराय कुलदीप आसतराम समरथ सुरेश कुमार ध्रुव सुखदेव भारती बलराम सोरी रोहित साहू, रेवत लाल साहू रामभरोस भूपेंद्र साहू, बलराम नरेटी, मिश्रीलाल नाग, प्रेमलाल ध्रुव, कोमल नेताम, परमानंद ध्रुव, विष्णुराम नेताम, ममता नेताम, यशोदा कोर्राम सहित सभी पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# नगर निगम के जन चौपाल में अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

**6 आवेदन प्राप्त, 1 का हुआ निराकरण**



**राजनांदगांव 22 मार्च।** नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज मंगलवार दोपहर 1:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जन चौपाल में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जन चौपाल में लोककर्म संबंधी 3, अतिक्रमण संबंधी 2 एवं राशन कार्ड संबंधी 1 आवेदन कुल 6 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 01 का त्वरित निराकरण किया गया।आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री डी.सिंह के निर्देश पर इस मंगलवार भी नगर निगम के सभागृह में दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल लगाया गया। जन चौपाल में 6 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें लोककर्म से संबंधित 03, अतिक्रमण संबंधी 2 एवं राशन कार्ड संबंधी 1 कुल 06 प्रकरणो में से राशन कार्ड में नाम विलोपित संबंधित 01 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा शेष 05 प्रकरणों का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि जन चौपाल का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है। चौपाल में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आज के जन चौपाल में विभिन्न समस्याओं संबंधित 6 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें 1 प्रकरण वार्ड नं. 19 के सरोजनी टेमरे के राशन कार्ड में उनकी पुत्री का नाम विलोपित करने का त्वरित निराकरण किया गया। त्वरित निराकरण होने से टेमरे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि जन चौपाल में आवेदन देते ही, निराकरण हो गया, मुझे दुबारा आने की आवश्यकता नहीं पड़ी, यह मै सोची नही थी। जन चौपाल में उपायुक्त श्री सुनील अग्रहरि, समाज कल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र. सहायक अभियंता श्री संदीप तिवारी, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रीमियम भुगतान नहीं करने पर टाका घर की 2 दुकानें निगम ने की सील

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 22 मार्च।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में कडाई बरतते हुये प्रतिदिन दुकाने सील करने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर के बडे बकायादारों का नल विच्छेदनकर कुर्की हेतु अंतिम नोटिस जारी किया गया है। दुकाने सील करने की कडी में टाका घर व्यवसायिक परिसारर की 2 दुकानों का प्रीमियम जमा नहीं करने पर ताला जडने की कार्यवाही की गयी। वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे है और कार्यवाही के निर्देश दे रहे है। निर्देश पर उपायुक्त श्री सुनील अग्रहरि के नेतृत्व में निगम का अमला दुकानें सील करने एवं नल विच्छेदन की कार्यवाही कर रही है, दुकाने सील करने की कडी में आज टाका घर व्यवसायिक परिसर के दुकानदारों द्वारा प्रीमियम राशि जमा नही करने पर दुकान क्रं. 3 आबंटित श्री अरूण कुमार एवं दुकान क्रं. 4 आबंटित श्री कन्हैया तलरेजा में ताला जड़कर सील करने की कार्यवाही की गयी। साथ ही पूर्व में ताला बंदी की गयी दुकानों की आबंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि शासन लक्ष्य के विरूद्ध सत प्रतिशत राजस्व वसूली किया जाना है, वसूली के लिये करदाताओं को करो का भुगतान करने अपील की जा रही है, बडे बकायादारों को नोटिस दिया गया है, साथ ही नल विच्छेदन की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा कुर्की की भी तैयारी की जा रही है, उन्होंने करदाताओं से कहा कि, अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान समय पर कर अधिभार एवं निगम की कार्यवाही से बचे।

### महापौर ने दी हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं

**राजनांदगांव 22 मार्च।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि जहॉ नवरात्रि हमे माता की अराधना व उपासना का संदेश देती है वही गुडीपडवा एवं बैसाखी त्यौहार हमारी शानदार सांस्कृतिक विरासत पर जोर देते है और सामाजिक सद्भाव व अखंडता को बढ़ावा देने की दिशा में काफी योगदान करते है तथा चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से हिन्दू नव वर्ष का भी शुभारंभ होता है और नवरात्रि में नव दिनों तक माता की अराधना की जाती है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि एवं इस हिन्दू नव वर्ष में मातारानी सभी नागरिकों के जीवन में खुशीया भर दे तथा नागरिकों के मंगलमय जीवन की कामना की है।

निगम अध्यक्ष श्री हरिनाराण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी,नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, राजेश गुप्ता चम्पू,वरिष्ट सभापति श्री अब्दुल समद खान,कनिष्ट सभापति गामेन्द्र नेताम अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा एवं पार्षदों व नामांकित पार्षदों ने नागरिको को गुडीपडवा, बैसाखी व हिन्दू नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि हमारी हजारो वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति के त्यौहारों को मनाकर अपने जीवन में खुशहाली लाना है।

### क्रिकेट का खेल अनिश्चिताओं से भरा हूआ:रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया 22 मार्च।** ग्राम पंचायत पाण्डेटोला एवं तेलगान के संयुक्त तत्वाधान में सोल्जर कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया, गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि रविन्द्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा राजनांदगांव, खिलेश्वर साहू महामंत्री मण्डल भाजपा छुरिया, नकुल नेताम पूर्व जनपद सदस्य, कुमार साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट, रमेशपाल धनकर भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में क्रिकेट मैच का शूभारंभ किया, वही उद्घाटन मैच सेमरबांधा चौकी एवं पांगरीकला कुमर्दा के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि रविन्द्र वैष्णव द्वारा सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए गुलाल लगाकर स्वागत किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, कि खिलाड़ी को खेल भावना का परिचय देते हुए खेल भावना से खेलना चाहिए जिससे एक दिन महान खिलाड़ी बनकर उभरे, साथ ही संबोधित करते हुए कहा, कि क्रिकेट का खेल अनिश्चिताओं से भरा हुआ खेल है। हमें इस खेल में सफल खिलाड़ी बनने के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं खिलाड़ी बंधु उपस्थित रहे।

### चैत्र नवरात्रि पर्व डोंगरगढ़ मेला के लिए जवानों को ब्रीफ कर लगाई गई ड्यूटी

**राजनांदगांव 22 मार्च।** 30 मार्च तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में दर्शनार्थी आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है



जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस जिसमें 04 सेक्टर लगभग 1000 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का चैत्र नवरात्रि पर्व डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में श्री डी.आर. आंचला सेनानी 14वीं वाहिनी छसबल बालोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाई पास से डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले, उप सेनानी 08वीं वाहिनी छसबल श्रीमती मोनिका ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्रीमती पद्मश्री तंवर, उप पुलिस अधीक्षक जगदलपुर श्री एम.आर. मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमएमएसी श्री आकाश मरकाम, पुलिस अनुविभागी अधिकारी श्री प्रभात पटेल एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 जवानों की मौत

**जगदलपुर 22 मार्च।** बस्तर जिले में नेशनल हाईवे 163 पर पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 जवानों की मौत हो गई है। वहीं एक जवान घायल है। जिसे हेलीकॉप्टर के माध्यम से रायपुर रेफर किया गया है। सभी जवान छ्स्न के हैं। बताया जा रहा है कि, इनमें से एक जवान की तबियत खराब थी। जिसका इलाज करवाने साथी बाइक से अस्पताल लेकर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, बास्तानार के छ्स्न कैंप में पदस्थ कांस्टेबल मनमोहन कुर्रे, गणेश राम आंचला (40) और मुकेश गौर (31) बाइक में सवार होकर किलेपाल के अस्पताल जा रहे थे। इसी बीच बास्तानार टर्निंग पॉइंट में सामने से आ रही एक पिकअप वाहन से टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सावर तीनों जवान उछलकर काफी दूर जा गिरे।

## जिले की गौरवमयी परंपरा के अनुसार सभी समर्पित भाव से प्रतिबद्धतापूर्वक करें कार्य

# जिला प्रशासन तथा विभिन्न संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के लिए सेवा पंडाल में की व्यवस्था

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 22 मार्च।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में चैत्र नवरात्रि पर्व पर पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सेवा पंडाल के सदस्यों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि श्रद्धा एवं आस्था के केन्द्र माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दूर-दराज से दर्शनार्थी आते हैं। यह स्थान माँ बम्लेश्वरी के प्रति समर्पित है और देवी स्थल में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि जिले की गौरवमयी परंपरा के अनुसार सभी समर्पित भाव से प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करेंगे। कोविड-19 संक्रमण के कारण डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्रि मेला नहीं हो पाया था। लेकिन पिछले वर्ष से अब लगातार मेले का आयोजन हो रहा है तथा दर्शनार्थियों की संख्या बढने की संभावना है। जिला प्रशासन द्वारा सभी के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने सभी से अपना योगदान देने की अपील की।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में लगभग 35 से 40 सेवा पंडाल लगाए जाएंगे। वही शक्ति कुटीर बनाए गए हैं, जहां घास के कारपेट लगाए गए हैं तथा विश्राम स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा बापूटोला में सेवा पंडाल लगाया जा रहा है। जहां पहले दिन एसडीएम एवं तहसीलदार, दूसरे दिन जिला पंचायत सीईओ, तीसरे दिन कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग, चौथे दिन शिक्षा विभाग, पांचवें दिन सभी निर्माण विभाग अपनी सेवाएं देंगे। नगर निगम द्वारा रेस्ट हाऊस के पास सेवा पंडाल लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं सेवी संस्थाओं तथा विभिन्न वर्गो द्वारा दिया जा रहा सहयोग एवं योगदान महत्वपूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि टापवर्थ, तिरूपति, क्रस्ट उद्योग द्वारा अंजोरा में तिरूपति दाल मिल के सामने, ग्राम पंचायत देवादा द्वारा ग्राम के प्रवेश द्वार के पास, पीएस ट्यूब एवं ओरियंट इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, आदर्श इस्पात, आरबी रूगटा, मिश्रा कन्ट्रक्सन, साई केमिकल प्राईवेट लिमिटेड, वृदा फेब्रिकेशन, लक्ष्मी वेंचर्स प्राईवेट लिमिटेड, गेयरकॉन इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड, शिवनाथ उद्योग, एग्रो इस्पात, सिम्पलेक्स कास्टिंग, कल्याणी, अम्बे भवानी द्वारा टेड़ेसरा में राज्य ग्रामीण बैंक के सामने, कमल साल्वेंट, ग्राम पंचायत सोमनी, जनपद ठेकेदार समूह द्वारा सोमनी में कमल साल्वेट के सामने, शीतला मंदिर के सामने व साहू क्लीनिक के सामने, यूथ फाउंडेशन ऑफ इंडिया दंत चिकित्सा सुंदरा एवं बावरिया टाईल्स उद्योग द्वारा सुंदरा में, केशर संघ द्वारा पार्रीनाला में जॉन डियर ट्रैक्टर शो रूम के पास व युगांतर स्कूल के पास, रामदरबार समिति, गायत्री परिवार द्वारा बागेश्वर मंदिर के पास पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सेवा पंडाल लगाया जाएगा। इसी तरह बजरंग सेवा समिति एवं कौमी एकता समिति द्वारा बीएनसी मिल के पास, जय महेश सिन्हा एवं समिति द्वारा ममता नगर अण्डर ब्रिज के पास, नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा नवागांव, जिला प्रशासन द्वारा बापूटोला वार्ड क्रमांक 1, गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड द्वारा नवागांव, नीरज वायपेयी स्कूल, ग्राम पंचायत सुकुलदैहान द्वारा ग्राम के बाजार चौक, ग्राम पंचायत लिटिया द्वारा ग्राम लिटिया, ग्राम पंचायत बम्हनी द्वारा बम्हनी चण्डी मंदिर के पास, ग्राम पंचायत रानीतराई द्वारा रानीतराई ग्राम पंचायत के सामने, ग्राम पंचायत सिंघोला द्वारा सिंघोला ग्राम पंचायत के सामने, ग्राम पंचायत सुरगी द्वारा ग्राम सुरगी में पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सेवा पंडाल लगाया जाएगा।

### साहू समाज की बाइक रैली में शामिल हुए जिप गोविंद साहू

**अंवरी 22 मार्च।** तैलिक वंश की अधिष्ठात्री देवी संत माता कर्मा की जयंती के पूर्व तहसील साहू समाज भखारा युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित बाइक रैली में अपने गृहग्राम गुजरा में बाइक रैली का स्वागत अभिनंदन किए और सामाजिक युवाओं का उत्साहवर्धन करते स्वयं बाइक लेकर सम्मिलित हुए और क्षेत्र भर संत माता कर्मा के जय घोष करते सामाजिक समरसता, एकता भाई चारा का संदेश देते रहे जिलापंचायत सभापति गोविंद साहू ने कहा कि नवगठित तहसील साहू समाज की यह अनोखी पहल है जिसमें पूरे तहसील के युवा साथी एक साथ बाइक रैली के माध्यम से सामाजिक समरसता, एकता को बल मिल रहा है।

संपादकीय

## ममता,अखिलेश अगल राह पर

भारतीय राजनीति में चुनाव के पहले विपक्षी एकता की चर्चा जरूर होती है। सारे राजनीतिक दल जानते हैं कि चुनाव में वह अकेले भाजपा को हरा नहीं सकते। इसलिए वह सैध्दांतिक तौर पर तो कहते हैं कि भाजपा को हराने के लिए विपक्ष का एक होना जरूरी है। लेकिन व्यवहारिक तौर पर वह ऐसा कुछ करते रहते हैं जिससे विपक्षी एकता संभव नहीं होती है। देश में लोकतंत्र है, इसलिए बहुत सारे राजनीतिक दल हैं, राष्ट्रीय दल भी कई हैं तथा राज्यों में प्रभावी राजनीतिक दल भी बहुत हैं। सारे दल कहने को तो कहते हैं कि हमारी विचारधारा यह है लेकिन हकीकत में विचारधारा पर आधारित दल तीन हैं। इनमें वामपंथी विचारधारा कमजोर हो गई है तथा उसे जनता सत्ता के योग्य नहीं समझती है। कांग्रेस कहने को धर्मनिरपेक्ष पार्टी है लेकिन वह भी अपनी विचारधारा से चुनावी लाभ के लिए इधर उधर होती रहती है। अपनी विचारधारा पर जिसे दृढ़ माना जा सकता है वह है भाजपा। उसकी विचारधारा हिंदुत्व को मजबूत करते हुए, हिदुओं के हित में काम करते हुए देश की विविधता को बनाए रखने की है। इस देश में कांग्रेस यदि हिंदुओं की उपेक्षा नहीं करती तो आज भाजपा को सत्ता में आने का मौका नही मिलता। भाजपा सत्ता में है तथा निरंतर सत्ता में है तो वह हिंदुओं के जागने के कारण है, हिंदुओं को अपनी ताकत पहचानने के कारण हैं। हिंदुओं को पता चल गया है कि वह सोए रहेंगे , यह भूले रहेंगे कि वह हिदू है तो उनकी उपेक्षा होती रहेगी। उसे उपेक्षा व अपमान से बचना है तो हिंदुओं का हित चाहने वाले दल को ही सत्ता पर रहना चाहिए। पीएम मोदी व भाजपा ने हिदुओं को राजनीतिक तौर पर जगाकर देश की राजनीति को बदल दिया है। सभा राजनीतिक दल अब हिंदू हितों की बात कर रहे हैं। इससे राजनीतिक समीकरण भी बदल रहे हैं। राजनीतिक दलों को सत्ता के लिए आम तौर पर एक होने का प्रयास करना चाहिए। एक मजबूत विपक्षी मोर्चा बनाने का प्रयास करना चाहिए लेकिन हैरत की बात है कि ऐसा होता दिख नहीं रहा है। पहले सीएस राव, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान ने तेलंगाना में एक तीसरा मोर्चा बनाने की पहल की। यह कोई खास परवान नहीं चढ़ सका। केजरीवाल व तेलंगाना के सीएम भ्रष्टाचार के आरोप में अपने लोगों को फंसे होने से परेशान हैं। वह विपक्षी एकता की मुहिम को आगे नहीं ले जा सके। नीतीश कुमार पहेल ही कांग्रेस को आगे आने की बात करते हुए चुप हो गए हैं। हाल ही में अखिलेश यादव व ममता बनर्जी की मुलाकात ने विपक्ष में एक और नए समीकरण की चर्चा को बल दे दिया है। ममता बेनर्जी ने यहा तक कह दिया है कि कांग्रेस विपक्ष का बास बनने का प्रयास न करे। यानी वह यह न बताए कि विपक्ष के नेताओं को क्या करना चाहिए। ममता ने सीधे सीधे कह दिया है कि विपक्ष अब कांग्रेस की हर बात मानने के लिए मजबूर नहीं हैं। कांग्रस इस मुगालते में न रहे कि उसके बगैर कोई विपक्षी मोर्चा नही बन सकता। ममता ने संकेत दिया है कि कांग्रेस के बगैर भी विपक्षी मोर्चा बन सकता है। कांग्रेस के बगैर भी विपक्ष की राजनीति हो सकती है। विपक्ष आज कांग्रेस को अपनी बात मानने के लिए मजबूर कर सकता है या राज्य में अपना हित सुरक्षित करने के लिए कांग्रेस की उपेक्षा कर सकता है इसलिए कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेन कमजोर हुई है, इतनी कमजोर हुई है कि विपक्ष को उम्मीद ही नहीं है कि कांग्रेसे के नेतृत्व कोई साझा सरकार बन सकती है। कांग्रेस इसीलिए राहुल गांधी का नई छवि बनाने का प्रयास कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा इसी तरह का प्रयास है। राहुल गांधी व कांग्रेस की असली परीक्षा तो इस साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में होनी है। यदि वह छत्तीसगढ़,राजस्थान, मप्र, कर्नाटक में जीत जाती है तो उसका दबबदा बढ़ेगा, विपक्ष उसके नेतृत्व में लोकसभा का चुनाव लड़ने को मजबूर होगा। कांग्रेस मजबूत होकर ही विपक्ष को अपने साथ आने के लिए मजबूर कर सकती है। अभी वह इतनी मजबूत नहीं है कि विपक्ष के सारे नेता उसकी बात मानें। इसीलिए केजरीवाल,चंद्रशेखर राव, ममता बैनर्जी, अखिलेश यादव अपनी राह कांग्रेस से अलग करने का संकेत दे रहे हैं। इसके लिए ममता की आलोचना हो रही है कि वह ऐसा करके भाजपा व पीएम मोदी को मजबूत कर रही है तथा कांग्रेस को कमजोर कर रही है। ममता व अखिलेश को इस आलोचना की परवाह नहीं है, वह जानते हैं कि वह एक एक बड़े राज्य के नेता हैं तथा राज्य में वही भाजपा को टक्कर दे सकते हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव से पहेल ही यह बता रहे हैं कि अपने राज्य में तो वह अपनी ही चलाएंगे. किसी की नही चलने देंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। मधुरवाणी से सगे-संबंधियों के बीच प्रगाढ़ता बढ़ाएंगे। कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**बृषभ :** आर्थिक सुदृढ़ता हेतु मन प्रयत्नशील होगा। महत्वाकांक्षाओं को फलित करने में असमर्थता संभव। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन :** ईश्वरीय आस्था में वृद्धि होगी। असमाजिक तत्वों से दूरी बनाये रखें। राजनीतिज्ञों के लिए लाभप्रद स्थितियों के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** भौतिक आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। भविष्य की चिंता छोड़ वर्तमान में केंद्रित हों। निकट संबंधों में कुछ अप्रिय बातें दूरी पैदा करेंगी। मूल्यवान समय को व्यर्थ में जाया न करें।

**सिंह :** किसी इच्छित कार्य की पूर्ति से प्रसन्नता संभव। नई आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पूरा दिन अध्यात्मिक व पारंपरिक कार्यों में ब्यतीत होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**कन्या :** निराशावादी विचारों का त्याग करें। परिजनों की छोटी-छोटी बातों का बुरा न मानें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। घर में खुशहाली रहेगी।

तुला : अत्याधिक कार्यों के बोझ से मन परेशान होगा। शासन-सत्ता व राजकीय क्षेत्र के लोगों के साथ क्रियाशीलता बढ़ेगी। जीवनसाथी के भावनात्मक सहयोग उत्साह का संचार करेगा।

वृश्चिक : उच्च महत्वाकांक्षा जल्द ऊंची प्रगति के लिए प्रेरित करेगी। किसी नई योजना पर विचारमग्न होंगे। दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जरूरी कार्यों में आलस्य का त्याग करें।

धनु : पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचितकर का शिकार होगा। महत्वपूर्ण दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे।

मकर : अच्छे आचार-विचार से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखें।

कुंभ : सगे-संबंधियों के बीच नैतिक कत्तव्यों से विमुख न हों। नये कार्यों में संलग्नता से लाभ संभव। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी।

मीन : पारिवारिक चिंताएं मन को परेशान करेंगी। नये कार्यों में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा। किसी संबंधी अथवा खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

# जल को व्यापार बनने से रोकना ही संरक्षण का मार्ग

### विश्व जल दिवस 22 मार्च

**डॉ सूर्यकांत मिश्र**

दुनिया में ऐसा कोई शख्स नहीं जो यह न जानता हो कि जल ही जीवन है । बावजूद इसके विकास और भौतिक संपदा की अंधाधुंध दौड़ ने ईश्वर द्वारा निः शुल्क प्रदत अमृत् तुल्य जल को बचाने कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं ! वर्ष में एक बार 22 मार्च को विश्व जल दिवस के दिन समाज सेवकों से लेकर सरकार तक ऐसी चिंता व्यक्त करते दिखाई पड़ते है मानो अब इस अमूल्य उपहार का बेजा उपयोग बंद हो जाएगा ! वास्तविकता में झांका जाए तो वर्तमान में हमारे देश में बहने वाली प्रायः सभी नदियों के जल प्रवाह क्षेत्र सहित उसके स्वास्थ्यवर्धक होने पर प्रश्न चिन्ह लगता दिख रहा है ! नदियों के अमृत तुल्य जल पर इस तरह का संशय ईश्वर द्वारा नहीं बल्कि हमारे मानवीय समाज द्वारा ही उत्पन्न किया जा रहा है । हमने प्राकृतिक जल संसाधन के अंधाधुंध दोहन और कारखानों से बहने वाले प्रदूषण युक्त जल को सीधे नदियों में पहुंचाकर खुद के लिए समस्या का बीज बोया है । यही कारण है कि हमारी नदियां भी बीमार हो चली है । हमारे धर्म - ग्रंथों में नदियों तथा उन पर बहने वाले जल को जीवनदायी स्वीकार कर धरती को उर्वरता प्रदान करने की शक्ति के चलते ही देवी और मां की संज्ञा प्रदान कर उन्हें पूजने की परंपरा बताई गई है । न केवल हिंदू धर्म ग्रंथ वरन सभी धर्मों और सभी देशों के साथ प्राचीन राजवंशों ने जल रूपी कुदरती खजाने को सहेजने का ही संदेश दिया है । हम यदि अपने धर्म - परायण देश भारतवर्ष की बात करें , तो यह पाते हैं कि अपने स्वार्थ के चलते हमने अपने धर्म - शास्त्रों में कही गई बातों को भी दरकिनार कर दिया है । यही कारण है कि हमारे देश में नदियों सहित जल के अन्य स्रोतों को सहेजने कोई बड़ा कानून नहीं बन पाया है ! नदियों से लेकर झील , तालाब और मौसमी नदियों पर मनुष्य ने अतिक्रमण कर उन्हें पाटना बदस्तूर जारी रखा है । इस मामले में हमारे देश की केंद्रीय सरकार से लेकर प्रादेशिक सरकारों ने उच्च न्यायालयों के जल संरक्षण पर दिए आदेशों का उल्लंघन ही किया है । जिम्मेदारों के कानों पर जल संरक्षण के लिए जूं तक न रेंगना अब भारी जल कमी का मुख्य कारण बन कर सामने आ रहा है । इतिहास के पन्नों को पलटा जाए तो स्वतंत्रता के तुरंत बाद न्यायालयों ने सरकारों को आदेशित किया था कि जितने भी तालाबों और पोखरो को पाटा गया है , उन्हें फिर से खुदवा कर उनकी पुरानी स्थिति में लाया जाए । ना तो राज्य सरकारें और ना ही नगरी प्रशासन ने न्यायालय के उक्त दिशा - निर्देश को माना । परिणाम स्वरूप आज हम मार्च माह के शुरू होते ही पेयजल सहित निस्तारित जल के लिए सिर - फुटव्वल करते नजर आते हैं । हम यह जानते हैं कि जीवनदाई नदियों में कल - कारखानों का दूषित जल पहुंचने से पेयजल प्रदूषित होगा । बावजूद इसके अपनी स्वार्थ पूर्ति ही हमें दिखाई पड़ती है । मनुष्य के ऐसे ही आचरण के चलते बड़े उद्योगपतियों ने अब शुद्ध पेयजल के नाम पर करोड़ों की फैक्ट्री चालू कर अरबों की कमाई का रास्ता अख्तियार कर लिया है । जल संकट भारतवर्ष में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपना प्रभाव दिखाने लगा है । किए गए सर्वे इस ओर इशारा कर रहे हैं कि आने वाले समय में बारहमासी नदियों को मिलने वाले अमृत रूपी जल में भारी कमी आ सकती है । इसका मुख्य कारण ग्लोबल - वार्मिंग से पिघलते ग्लेशियरों के कारण आने वाली बाढ़ ही होगी ! नदियों के पर्यावरण के साथ की जा रही छेड़छाड़ के कारण नदियों ने धीरे-धीरे दम तोड़ना शुरू कर दिया है ! नदियों के जीवन पर उमड़ रहे आसन्न संकट का अनुभव कर विश्व स्तर पर नदियों के संरक्षण की मुहिम चलाई जा रही है । दूसरी ओर इस संभावना पर भी चिंता जताई जा रही है कि बड़े पैमाने पर जलवायु परिवर्तन और मानव जनित कारणों से पानी तेजी के साथ कम हो रहा है । असंख्य छोटी और मौसमी नदियों के सहारे मुख्य नदियों को जो जल प्राप्त होता था , वह अब कहीं दिखाई नहीं पड़ रहा है ! कारण यह कि ऐसे महत्वपूर्ण जल स्रोतों ने दम तोड़ दिया है । विश्व भर के जल स्रोतों पर सर्वे करने के उपरांत विशेषज्ञों ने खुली चेतावनी दी है , कि जलवायु परिवर्तन के कारण आए बदलावों का नदियों पर बुरा असर पड़ने से भविष्य में करोड़ों लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पाएगा ! पानी के सहारे बनाए जाने वाले भोजन को लेकर भी चिंता व्यक्त की जाने लगी है । अनुसंधान - दल ने यह भी कहा है कि विश्व के लगभग सभी क्षेत्रों में बहने वाली नदियों पर समान दुष्प्रभाव पड़ रहा है । इसमें विकसित और विकासशील देशों की नदियां भी शामिल है ।

जल की चिंता करते हुए बड़ी विडंबना यह है कि अपने घरों में तो हम पीने के पानी के लिए शुद्धीकरण यंत्रों का उपयोग कर रहे हैं , किंतु गिरते जल - स्तर पर हम मौन हैं ! ÷ जल है ,तो कल है ÷ जैसी बातें सिर्फ जल - संवर्धन के नारे रूप में ही इस्तेमाल हो पा रही हैं । हमारे मानवीय समाज की बात की जाए तो उससे बड़ा स्वार्थी और कोई नहीं है । प्रदूषित होती नदियों के साथ ही हमारे समाज में मानव जीवन के प्रति दिखावटी चिंता व्यक्त करने वाले पूंजीपतियों की कमी नहीं है । इसका अकाट्य प्रमाण बोतलबंद पानी के रूप में हमारे सामने हैं । हमारे इसी मानवीय समाज ने एक नहीं अनेक नदियों को अपने बड़े बड़े कारखानों में कैद कर रखा है । अरबों और खरबों गैलन पानी बोतलों में बंद कर शुद्धता का ठप्पा लगाकर बेचा जा रहा है ! पूंजीपतियों के इस व्यापार पर न तो सरकारें रोक लगा पा रही हैं और ना ही मानव समाज के उच्च वर्ग द्वारा ही कोई आवाज उठाई जा रही है । महीनों प्लास्टिक की बोतलों में बंद पानी को जीवन रक्षक तत्वों के साथ बेचने वाले इसे कैसे शुद्ध बता रहे हैं ? इस पर आवाज उठाने वाला कोई नहीं है ! नगर निगमों और पालिकाओं सहित अन्य स्थानीय प्रशासन द्वारा सुबह-शाम शुद्धिकरण के पश्चात नलों के माध्यम से घरों तक पहुंचाए जाने वाले जल को भी प्रदूषित करार दिया जा रहा है ! यह महज एक साजिश है ! केवल बोतलबंद पानी और आर ओ के माध्यम से जल को शुद्ध करना ही स्वास्थ्यकर बताया जा रहा है , जबकि इन तकनीकों से जल के सारे गुण समाप्त हो जाते हैं । इस तरह के व्यापार पर प्रतिबंध और शासन स्तर पर पानी की सहज उपलब्धता जल संरक्षण को अधिक बल प्रदान कर सकती है ।

# एक तालाब की राजनीतिक हत्या

### विश्व जल दिवस

**आशीष सिंह**

एक बड़ा ही मजेदार पत्र 1954 में मेरे पितामह त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह को ग्राम सलखन से भेजा गया था। वे उस समय सी.पी. एंड बरार विधान सभा (नागपुर) में नेता प्रतिपक्ष थे। वे प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में रायपुर से निर्वाचित हुए थे। उस पत्र में उल्लेख किया गया है कि तालाब निर्माण के कार्य को सिर्फ इसलिए रोक दिया गया कि एक दल विशेष को डर था कि यदि तालाब बन गया तो उनका वोट खिसक जाएगा। ध्यान रखने योग्य है कि 1954 में छत्तीसगढ़ में अकाल पड़ा था। केंद्र सरकार ने अकाल पीड़ित योजना के अंतर्गत तत्कालीन बिलासपुर जिले के अकलतरा तहसील के सलखन गांव में पनभरिया तालाब के गहरीकरण का प्रस्ताव पारित किया था। परंतु कुछ नेता किस्म के लोगों को वोट-बैंक खिसकने का डर सताने लगा। उन्होंने अपनी पहुंच के दम पर निर्माण कार्य रुकवा दिया। आगे पत्र यथावत दिया जा रहा है-

ता= 12-(नष्ट)-1954

श्रीमान

ठाकुर साहब

प्रणाम

समाचार विदित हो कि हमारे गांव मौजा सलखन में अकाल पीड़ित योजना के मुताबिक भारत सरकार ने तालाब खुदवाने की प्रस्ताव पास किया है और पी.डब्लू.डी. के आफिसर (ओवरसियर) एम.पी. परासर दिनांक 7.6.54 को तालाब निरक्षण करने आये। उनके साथ गांव के समस्त जनता, कास्तकार, पंच सब थे। उनको हमारे हथनी तालाब और पनभरिया तालाब दिखलाये। अधिक निस्तार, अधिक आपासी देखकर तथा पानी भरने का अच्छा साधन देखकर जनताओं की राय से पनभरिया तालाब को पास कर ता. 8.6.54 को काम शुरु करवा दिये। ता. 8.6.54 से लगातार 13.6.54 तक काम चला। इसी बीच में रंगे कांग्रेसी कहलाने वाले; जैसे दुर्गाप्रसाद मिश्रा, प्रहलाद पांडे, और दोचार व्यक्तियों को मिलाकर सलाह दिये कि गांव में बहुत अधिक बहुमत प्रजा पार्टी की है। तथा तालाब पर काम चलाने के लिए सब कार्यकर्त्ता प्रजा पार्टी के ही आदमी थे।, कांग्रेस की अस्तित्व ही यहां से समाप्त हो जायगी। ऐसा सोच कर वे लोग गांव में दो पार्टी कराने के विचार से उन लोगों ने एक (ऊपर की पंक्तियां नष्ट)

पृ. 2

हथनी है उसके नजदीक पर रहने वाले व्यक्तियों से दस्खत करवाये। तथा दुर्गाप्रसाद मिश्रा अपने जीजा जगदीशचंद तिवारी जो गांव पटवारी है उससे हथनी तालाब का रकबा लेकर उस दरखास्त में दर्ज किये और दसखकत करने वाले लोगों से बोले कि बड़ा तालाब पास हुआ है। हथनी तालाब का रकबा बड़ा है। हथनी तालाब खुदवाना चाहिए ऐसा कहकर दरखास्त को लेकर लखेश्वर पालीवाल एम.एल.ए. के पास नैला आये। वोट बिगड़ जाने का हाल सुनाया और कहा कि ए.डी.सी. जांजगीर से मिलकर हथनी तालाब को पास करवावो। उसमें काम शुरु हो जावेगा तो हम लोग खुदवा रहे हैं ऐसा कहकर अपने नाम व कांग्रेस वालों का पैसा है कहकर जनता को बहकावे में डाल हम अपना वोट बढ़ा लेंगे। और हमारी भारी ताकत बढ़ जावेगी इसी विचार से वे लोग ए.डी.सी. से मिले। और इसी बीच में रामकृष्ण राठौर एम.एल.ए. सलखन आये। उनके पास एक दरखास्त था। उसने कहा कि हथनी का रकबा बड़ा है। और नागपुर से हथनी पास हुआ है। पनभरिया (की) जो खोदाई हो रही है। वह नाजयज है। हम सलखन के कास्तकार उनसे कहे कि आप यहां फूट मत करिये। आप और गांव के पंच जिसे आप पसंद करे और पटवारी को भी ले जा सक्ते हैं। दोनों तालाबों को देख लें और भी गांव के समस्त तालाबों को देख ले इसके बाद जैसी आप लोगों की विचार में

पृ.-3

खुदाई (आगे की पंक्ति नष्ट) राठौर जी किसी भी बात पर सहमत (आगे की पंक्ति नष्ट) सामने भी जनता की बहुमत अधिक आपासी, अधिक निस्तार पनभरिया तालाब में पाई गई। लेकिन इस विषय पर उनने तनिक भी ध्यान न दिया। उनने कोरा जवाब दिया। हमारा राज्य है। हमने पैसा निकलवाया है। हम तथा हमारे कांग्रेसी भाई जिस किसी को भी खुदवा सक्ते हैं। चाहे भले ही रुपय का दुरुपयोग क्यों न हो चाहे यों ही फेक क्यों न दिया जावे ऐसा उनने कहा और दूसरे दिन हथनी तालाब में ओवरसयिर को बुलाकर काम करवाना शुरु करवा दिये।रामकृष्ण राठौर, लखेश्वर पालीवाल, ए.डी.सी.जांजगीर से मिलकर पनभरिया तालाब को बंद करवा दिये। यह घटना देखकर गांव के जनता व्याकुल हो गये। गांव के मुख्य मुख्य कास्तकारों ने करीब 11/2 सौ से अधिक एक अर्जी बनाकर ए.डी.सी. जांजगीर में दिये। एक जिले साहब को दिये। तथा तार द्वारा दिगविजय सिंह वकील साहब ने जिले साहब से उत्तर मांगे कि सलखन तालाब खुदवाने का जो पास हुआ है। उसकी रकबा कितना है उत्तर मिला बड़ा तालाब पास हुआ है। नम्बर रकबा नहीं है। और ए.डी.सी. से भी जवाब मिला। एक अर्जी वकील साहब के द्वारा ए.डी.सी. साहब को दिये। उनने कहा कि

पृ.-4

(पृष्ठ की प्रथम पंक्ति नष्ट)

(सामने के शब्द नष्ट) साहब से शाम को हमारे गांव आने के पहले राठौर और लखू इस बाबत मिल चुके थे। मूले साहब आये बयान हुआ नक्सा पटवारी ने बनाकर दिया था लेकिन काम बयान और नक्सा के विपरीत हुआ। साथ ही साथ पनभरिया का मौका देखने ही नहीं गये। ता. 30.6 को जब लखेश्वर पालीवाल आया तो बोल गया कि मूले साहब कर क्या सकता था। मैं तो सब समझा बुझा दिया था। अगर इधर उधर गड़बड़ करता तो होलिया तंत्र हो जाता?। जब बड़ा तालाब पास हुआ है। तो लंकेटर तालाब सबसे बड़ा है। (चार, फुलवारी, और हथनी तिनो मिलाकर रकबा इनके कागजात में जालसाजी भरा है।) अगर इसी प्रकार से मेलकर लेते हैं तो पनभरिया का तो अंदाजन 40 एकड़ का बड़ा बांध तैयार हो सक्ता है।)

दिनों दिन ये कांग्रेसी बड़ा अत्याचार कर रहे हैं यहां तक कि नीचला पर उतारू हुए हैं कि जब हमारे पार्टी के कोई भी आदमी बर्ताव ग्राम सेवक, शिक्षकगणों से करते हैं। तो नौकरी से अलग कर देने की धमकी देते हैं। हमारी पार्टी में गरीब मजदूर बहुत हैं उन्हें हथनी तालाब में काम नहीं किया (दिया) जा रहा है ले भी लेते हैं तो कांग्रेस को मदद देने के लिए वोट देने के लिए कहा खिला रहे हैं। गांव में न्याव होना पंचायत होना खेती किसानी का प्रबंध होना सब बंद हो गया है। अगर गांव का वातावरव (वातावरण) इसी प्रकार से आगे रहेगी तो हो सकता है कि एक बड़ा मामला के रूप में न हो जावे।

ऐसे2 मामलों पर प्र.स.पा. ध्यान नहीं देगी तो निश्चय ही पार्टी एक दिन पतन हो जावेगी।

आप प्रांत के प्रजा समाजवादी पार्टी के सबसे बड़े नेता हैं और हम भरोसा करते हैं कि आप इस मामले पर जरूर ध्यान देंगे। पत्र का उत्तर हम लोगों को जरूर देंगे।

बाकी समाचार सब ठीक है।

| | | |
|---|---|---|
| मु.पो.आ. सलखन | रामाधार कश्यप | आपके पार्टी का तुच्छ कार्यकर्ता |
| वाया-अकलतरा | भैरो प्रसाद | |
| जिला-बिलासपुर | छबीराम | |
| रू. क्र. | रामबगस | क्र.अ.ह. |

पृ.-5

पत्र द्वरा वकील साहब रतन सिंह जी दिगविजय सिंह महावीर शर्मा जी को समाचार भेजे थे कि आकर तालाबों का रकबा का मौका देख ले। और आगे क्या करना है हम लोगों को उचित सलाह देवे लेकिन उन लोगों का हम लोगों को कोई उत्तर नहीं मिला। वे इस विषय में दिलचस्पी नहीं ले रहे है।

हम लोग आपसे प्रार्थना करते हैं कि आप इस विषय पर अगर सरकार से लडने योग मामला होगा तो अवश्य लड़ेंगे। अगर आप असेम्बली में चर्चा करने लायक विषय होगा तो जरूर चर्चा करेंगे और हो सकेगा तो जांजगीर के प्रजा समाज-

(आगे की पंक्तियां पृष्ठ के ऊपरी हिस्से पर उलटा लिखा हुआ है। ऊपर लिखा आरंभिक अक्षर नष्ट।)

पनभरिया तालाब पर ही काम शुरू करवाने की दया करेंगे। (द्वितीय पंक्ति के अक्षर नष्ट) रकबा 13.55 ए. है।

तकनीकी

## सोनी इंडिया का नया अल्फा 7 RV कैमरा

सोनी इंडिया ने अल्फा 7RVअल्फ़ा मिररलेस इंटरचेंजेबल लेंस कैमरों की अपनी प्रशंसित श्रृंखला में सबसे नए ऋसीरीज़ कैमरे के रूप में। यह अल्फ़ा 7R V सोनी के उच्चतम रिज़ॉल्यूशन इमेज सेंसर को AI-आधारित इमेज पहचान के लिए समर्पित एक नई AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) प्रोसेसिंग यूनिट के साथ जोड़ती है - किसी भी Alpha कैमरा में पहली बार - साथ ही प्रभावशाली BIONZ XR™ इमेज प्रोसेसिंग इंजन - "R" फुल-फ्रेम लाइनअप में पहली बार। उच्च-रिज़ॉल्यूशन सेंसर और इन सभी प्रोसेसर का संयोजन विषय-वस्तु की पहचान करने में और स्थिर फोटोग्राफी और वीडियो दोनों के लिए कैप्चर करने में नई सफलताओं को सक्षम बनाता है।



नया अल्फा 7R V 61.0MP स्टिल इमेज और सबसे प्रभावी 8-स्टेप इमेज स्टेबिलाइजेशन सिस्टम प्रदान करता है जो सोनी के किसी भी अल्फा कैमरे में पेश किया गया है, साथ ही रिफाइंड 8k मूवी आउटपुट, एक नया 4-एक्सिस मल्टी-एंगल मॉनिटर, हाई-स्पीड संचार कार्य, उच्च-स्तरीय संचालन क्षमता और सुचारू कार्य-प्रवाह इंटीग्रेशन। Son4 का नवीनतम कैमरा उन पेशेवरों के लिए आदर्श है, जिन्हें प्रथम श्रेणी के उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग टूल की आवश्यकता होती है। इस अल्फा 7R V के पूरे इमेज स्टेबिलाइजेशन सिस्टम को उच्च-परिशुद्धता इमेज स्टेबिलाइजेशन इकाई, एडवांस्ड जाइरो सेंसर, और चित्र और वीडियो के लिए ऑप्टिमाइज्ड इमेज स्टेबिलाइजेशन एल्गोरिदम के साथ अपडेट किया गया है। स्टिल्स के लिए 8-स्टेप कंपनसेशन इफेक्ट के अलावा, नया स्टेबिलाइजेशन एल्गोरिद्म सिंगल-पिक्सेल लेवल तक सटीक पहचान और नियंत्रण प्रदान करता है, जो कि विषय-वस्तु की बेहतरीन डिटेल लाने के लिए सेंसर की 61.0-मेगापिक्सेल रिज़ॉल्यूशन क्षमता का पूरा लाभ उठाता है। सोनी का सबसे नया कैमरा उन्नत पिक्सेल शिफ्ट मल्टी शूटिंग भी प्रदान करता है, जो कि सटीक इन-बॉडी इमेज स्टेबिलाइजेशन सिस्टम नियंत्रण का लाभ उठाता है, कई पिक्सेल-शिफ्टेड इमेज को कैप्चर करता है जिन्हें एक ही इमेज में जबरदस्त रिज़ॉल्यूशन प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर का उपयोग करके बाद में मिश्रित किया जाता है। Imaging Edge Desktop™ Ver.3.5 कंप्यूटर एप्लिकेशन के सबसे नए संस्करण का उपयोग करते हुए, छोटे पिक्सेल-लेवल मूवमेंट्स, जैसे कि विषय-वस्तु की स्थिति में बदलाव या पेड़ पर छोड़ना, का पता स्वचालित रूप से लगाया जाता है और ठीक किया जाता है।

## अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है भारत

### चिंतन

**डॉ. वंदना सेन**

भारतीय की संस्कृति में पुरातन काल से नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा दिन रविवार को सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरुआत की थी। अंग्रेजी नव वर्ष के बढ़ते प्रभाव के बीच राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर भारतीय नागरिकों को सचेत करते हुए लिखते हैं कि ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं, है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं। इन पंक्तियों का आशय पूरी तरह से स्पष्ट था कि अंग्रेजी नव वर्ष हमारा अपना नहीं, बल्कि अंग्रेजी द्वारा भारतीयता को मिटाने के लिए भारत पर थोपा गया था। विसंगति यह है कि अंग्रेज जो भारत में छोड़कर गए थे, उसे हमने अपना मान लिया। उसके पीछे मूल कारण यही था कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को विस्मृत कर चुके थे। अपने स्वत्व का बोध भी हमको नहीं रहा था। जब हम स्वत्व की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसमें वह सब दिखाई देगा, जो मूल भारत की कल्पना था।

अब पहला सवाल यह आता है कि अपना मूल भारत क्या था? क्या हमें इसका भान है? यकीनन नहीं, क्योंकि आज जो भारत दिख रहा है, उसे पहले मुगलों ने अपने हिसाब से बनाया और फिर अंग्रेजों ने भारतीय समाज को हमें अपनी संस्कृति से विमुख कर दिया। विचार कीजिए कि भारत का स्वत्व क्या है? अगर भारत का स्वत्व जानना है तो हमें मुगलों से पूर्व के भारत का अध्ययन करना होगा, वही वास्तविक भारत है। आज हम भले ही अंग्रेजी दिनचर्या का उपयोग करते हैं, लेकिन आज भी यह सत्य है कि अंग्रेजी दैनंदिनी का प्रयोग हम अपने त्यौहारों में कभी नहीं करते। क्योंकि हमारे सारे त्यौहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक हैं। वे प्रकृति के हिसाब से ही तय किए जाते हैं। इसीलिए प्रारंभ से ही भारत के समस्त त्यौहार दिशा बोध कराने वाले रहे हैं। वसंत के त्यौहार को ही ले लीजिए, इसमें प्राकृतिक बोध होता है। वसंत के पश्चात पतझड़ और फिर प्रकृति में नवीनता का उल्लास। यही उल्लास प्राकृतिक नव वर्ष का आभास कराता है। इसीलिए यही भारत का अपना नव वर्ष है, अंग्रेजों वाला नहीं।

भारतीय की संस्कृति में पुरातन काल से नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा दिन रविवार को सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरुआत की थी। इसलिए इसको सृष्टि का प्रथम दिवस भी कहते हैं। यह प्राकृतिक संयोग ही है कि अब भारत के नागरिक अपनी मूल की ओर लौट रहे हैं। जो लोग कल तक अपने नव वर्ष मनाने वाले समाज की हंसी उड़ाता था, वे स्वयं होकर नव वर्ष मनाने की ओर प्रवृत हो रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत



अपने स्वत्व की ओर लौट रहा है। भारत के नागरिकों को यह आभास होने लगा है कि हमारा देश किसी भी मामले में दुनिया के देशों से पीछे नहीं रहा, बल्कि उसे षड्यंत्र पूर्वक पीछे कर दिया गया था। अब यह षड्यंत्र भी समझ में आने लगा है। इसलिए अब बहुत बड़ी संख्या में भारत का अपना नव वर्ष मनाने के लिए एकत्रित होने लगे हैं।

वर्तमान में जिस प्रकार से श्रद्धा केन्द्रों पर भीड़ बढ़ रही है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा जाग्रत हो रहा है। उसे सांस्कृतिक रूप से अपने पराए का बोध हो रहा है। समाज अपने विवेक से श्रेष्ठ और बुराई के बीच तुलनात्मक अध्ययन करने लगा है। समाज के व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन आया है। जो बुद्धिजीवी पहले हर बात की अपने हिसाब से व्याख्या करते थे, आज वे भी भारतीय संस्कृति के अनुसार चलते की ओर प्रवृत हुए हैं। इसलिए अब भारतीय समाज को भ्रमित करने के दिन बहुत दूर जा चुके हैं।

आज विश्व के कई देशों के नागरिक अपनी भोगवादी विकृति को छोड़कर भारतीय संस्कृति की ओर उन्मुख हो रहे हैं। धार्मिक दृष्टि से आस्था के क्षेत्र के रूप में विद्यमान नगरों में यह दृश्य आम हो गए हैं। आज गंगा के घाट पर विदेशी नागरिक भजन करते हुए मिल जाते हैं तो ब्रज की गलियों में कृष्ण भक्ति में लीन अनेक विदेशी नागरिक भी दिखाई देते हैं। भारत की संस्कृति में इस बात की स्पष्ट कल्पना है कि भगवादी विकृति से मन विकृत हो जाता है। आत्मा की शुद्धि करना है तो उसके लिए भारतीय संस्कृति ही सर्वोत्तम है। जब विदेशी लोग भारतीय संस्कृति को पसंद करके उसकी राह पर चलने के लिए आगे आ रहे हैं, तो फिर यह हमारी अपनी है। यह हमारा स्वत्व है। इसलिए हम अपना नव वर्ष धूमधाम से मनाएं और अपने जीवन को सफल करें।

## एक नजर

### पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 1 माओवादी ढेर



**बीजापुर 22 मार्च।** अभियान के दौरान आज सुबह लगभग 6:30 बजे कोरचोली और तोड़का के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 01 वर्दीधारी महिला माओवादी को मार गिराने में सुरक्षा बलो को सफलता मिली । मौके पर सर्चिंग के दौरान 01 नग 12 बोर रायफल, राउण्ड, पिटठू बैग, वर्दी, माओवादी साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया । मुठभेड़ में और माओवादियों के घायल होने की संभावना है ।

### प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**दंतेवाड़ा, 22 मार्च।** कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में दिए गए प्रावधानों के तहत मृतकों के निकटतम वारिसों के लिए चार-चार लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की हैं, जिसके तहत दंतेवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम फुलनार भीमराजपारा रीता कवासी की सर्पदंश से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस श्री भादू कवासी, ग्राम मेटापाल मेंडापारा श्री बामन मंडावी की पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस श्री जोगारा मंडावी को चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृत की गई है।

### जिला चिकित्सालय में मनाया गया विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस

**दंतेवाड़ा, 22 मार्च।** संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी आर पुजारी के द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से दांतों की सफाई ब्रश से करने पर दांतों में दर्द होना, मसूड़ों से खून आना, मुंह की दुर्गंध आना, दांतों में झनझनाहट होना, इस प्रकार के लक्षण होने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में अनिवार्य रूप से जांच कराएं। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन के द्वारा जन सामान्य को ब्रश एवं पेस्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर आर एल गंगेश, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ अमन सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजेंद्र बारले, डॉक्टर राकेश राय, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश राय, मीडिया अधिकारी श्री अंकित सिंह, जिला सलाहकार यूनिसेफ डॉक्टर पायल मिश्रा मौजूद थे।

### राजस्व एवं कृषि अमले ने बीज केंद्र का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 22 मार्च ।** जिले में लगातार प्रतिबंधित कीटनाशक दवाइयों के विक्रय पर निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत लोकेश कृषि बीज केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रासायनिक खाद बेचने पर कार्यवाही की गई। जिसमें 12 किलो सल्फेट (एसएसपी) क्लोरोप्राइड 4 पैकेट, फोरेट 1 पैकेट, अडमिरे 6 पैकेट जब्त की गई। जिसे बेचने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। व्यापारी को समझाइश दी गई कि कीटनाशक रसायन बहुत खतरनाक होते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है साथ ही आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा रहता है। उन्होंने अवैध रासायनिक खाद का विक्रय करने पर आगे कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान गीदम एसडीएम, गीदम तहसीलदार, कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### बजट से संबंधित देयक 24 मार्च तक कोषालय में जमा करने के निर्देश

**दंतेवाड़ा, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट से संबंधित देयकों को 24 मार्च 2023 तक कोषालय में जमा करने निर्देशित किया गया है। उसके पश्चात 27 मार्च से 31 मार्च 2023 तक वित्त विभाग की अनुमति से ही देयक जमा किए जाने के निर्देश है। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि 23 मार्च 2023 तक कोषालय में बजट से संबंधित देयकों को जमा करें ताकि समय पर देयकों का भुगतान किया जा सकें।

### समस्त आहरण अधिकारियों को चेक बुक कोषालयों में जमा करने के निर्देश

**दंतेवाड़ा, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार जारी किए गए चेक रोल/धनादेश पुस्तिका 24 मार्च 2023 संध्या 5 बजे तक अपने एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के धनादेश पुस्तिका जिला कोषालय दन्तेवाड़ा में जमा करें। उपयोग किए गये/निरंक चेक का विवरण कोषालय को चेक बुक के साथ देंगे। 24 मार्च 2023 के ऐसे अपरिहार्य प्रकरणों में जिसमें कि कतिपय व्ययों को जो जनहित या प्रशासन के हित में अनिवार्य है, कलेक्टर के समक्ष पूर्ण प्रकरण व विषयवस्तु औचित्य सहित प्रस्तुत कर भुगतान संबंधी आदेश प्राप्त किया जा सकता है। 27 मार्च 2023 के उपरांत वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक उपरोक्त निर्देशित प्रक्रिया के अनुसार जिलाध्यक्ष से स्वीकृति प्राप्त प्रकरणों में चेक काटने हेतु कोषालय अधिकारी संबंधित चेक आहरण एवं संवितरण अधिकारी को चेक बुक उपलब्ध कराएं।

# मुख्यमंत्री ने किया मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ

## विश्व वानिकी दिवसः गंगालूर के किसान को अपनी 5 एकड़ जमीन पर पौधे लगाकर योजना के लाभार्थी बनने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

ठ्ठ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर 22 मार्च। विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया जिला स्तर के कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर गंगालूर में आयोजित हुआ जहां किसान मंगल राना के 5 एकड़ कृषि भूमी पर सागौन टिश्यू कल्चर पौधे का रोपण किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिले के कृषक श्री मंगल राना को योजना का लाभ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए ''मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना'' को लागू किया।

इस योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जा रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी पात्र होंगे। इसके अलावा शासकीय, अर्धशासकीय तथा शासन के स्वायत्व संस्थान जो अपने स्वयं के भूमि पर रोपण करना चाहते हैं, पात्र होंगे। इसी तरह निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें, भूमि अनुबंध धारक, जो अपने भूमि में रोपण करना चाहते हैं, वे पात्र होंगे। इस योजनांतर्गत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु शतप्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। योजना अंतर्गत मुख्य रूप से 05 वृक्ष प्रजातियों की खेती के लिए कृषकों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है। इनमें टिश्यू कल्चर बांस, क्लोनल नीलगिरी, मिलिया डूबिया, टिश्यू कल्चर सागौन तथा सफेद चंदन शामिल है।मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। इसके तहत राज्य के सभी कृषकों, शासकीय, गैर शासकीय, अर्धशासकीय, पंचायतें, अथवा स्वायत्व संस्थानों की भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षारोपण उपरांत सहयोगी संस्था, निजी कंपनियों के माध्यम से निर्धारित समर्थन मूल्य पर वनोपज के क्रय की व्यवस्था करते हुए एक सुदृढ़ बाजार व्यवस्था आदि सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सभी प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के शुभारम्भ की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ के जंगल और जैवविविधता हमारी पहचान है। हमारा पर्यावरण और वन बचा रहे इस दिशा में हमारी सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैदानी क्षेत्रों के लोगो को इस योजना से ज्यादा से ज्यादा जोड़े जाने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। वहीं बस्तर और सरगुजा संभाग में लाभार्थियों की संख्या अधिक होने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर योजना के सभी लाभ हितग्राहियों को बताते हुए प्रोत्साहित करने कहा। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से लाभान्वित हो सके। वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वृक्षों के दृष्टिकोण से संपन्न राज्य है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से अगले 5 सालों में 1 लाख 80 हजार एकड़ में योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिलेगा।

बीजापुर जिले में मंगल राना के अतिरिक्त नरोलापल्ली निवासी किसान सवलम संटी एवं नेलसनार के किसान राजमन तेलाम ने अपने कृषि भूमी 1-1 एकड़ में टिश्यू कल्चर बांस का रोपण किया है। कार्यक्रम में डीएफओ श्री अशोक पटेल ने बताया कि जिले के किसानों में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना को लेकर उत्साह का माहौल है। 1178 एकड़ भूमी पर वृक्ष लगाने किसानों को सहमति दी है। जिसमे 10 लाख 24 हजार पौधे लगाए जाएगें 19 किसानों को सिंचाई के स्त्रोत है, उनके भूमी पर आगामी एक सप्ताह में वृक्षारोपण किया जाएगा, शेष किसानो के भूमी पर बारिश के समय वृक्षारोपण की जाएगी। इस असवर पर शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत तेदूपत्ता संग्राहक के 5 मृतक के आश्रितों को चेक वितरण किया गया। जिसमें 4 लोगों की सामान्य मृत्यु पर 2-2 लाख एवं एक व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु पर 4 लाख रूपए का चेक उनके आश्रितों को प्रदान किया गया। जिला स्तर के कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पा राव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती, उपाध्यक्ष श्री सोनू पोटाम, सरपंच श्री राजू कमलू सहित डीएफओ श्री अशोक पटेल, एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी, एसडीओ वन विभाग श्री प्रकाश नेताम, श्री नरसिंग नायडू सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

# पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बाइक,एक मौत,दो घायल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फरसगांव 22 मार्च।** फरसगांव से बड़ेडोंगर जाने वाले मार्ग पर स्थित ग्राम बैलगांव तालाब के पास सोमवार 20 मार्च की शाम लगभग 7 बजे बाइक सवार तीन युवक छिंदपेड़ से टकरा गए, इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई तो वही दो युवक को गंभीर चोटे आई है, दोनो घायलों को 108 से उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भर्ती किया गया है । जानकारी अनुसार ग्राम बड़गई का निवासी हैं मुकेश नाग पिता लछ्न नाग उम्र 18 वर्षीय, विवेकानंद मरापी पिता शंकर मरापी उम्र 18 वर्षीय और कज्ज़ा नाग पिता मनीराम नाग उम्र 17 वर्षीय यह तीनों युवक एक बाइक में सवार होकर ग्राम भंडारसिवनी आश्रम में अपने भांजा से मिलकर वापस अपने घर जा रहे थे घर जाने के दौरान बैलगांव तालाब के पास इनकी बाइक अनियंत्रित होकर छिंद पेड़ से टकरा गई , इस दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, तीनों युवकों को 108 एंबुलेंस वाहन से उपचार के लिए तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया, उपचार के दौरान डॉक्टर ने मुकेश नाग को मृत घोषित कर दिया , वही घायल विवेकानंद और कज्जा नाग का उपचार फरसगांव अस्पताल में जारी है । परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव पुलिस ने थाने में 21 मार्च को अपराध और मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर विवेचना कर रही है ।



# शत-प्रतिशत लोगों का आयुष्मान पंजीयन कराने कलेक्टर ने दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 मार्च।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा में निराकरण पत्रों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी लोगों का आयुष्मान पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। अंतागढ़ एवं दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में आयुष्मान पंजीयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त भी उनके द्वारा किया गया, साथ ही इसे सुराजी अभियान से जोड़ने के निर्देश भी दिये गये। सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को त्वरित गति से निराकृत करने, जिले के सभी गौठानों में गोबर की खरीदी सुनिश्चित करने तथा इसके लिए नोडल अधिकारियों की बैठक लेने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। आवर्ती चराई के गौठानों में भी गोबर खरीदी की मॉनिटरिंग करने के लिए जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण तथा उसके विक्रय पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। पीडीएस दुकानों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो सहित जनपद पंचायतों द्वारा संचालित सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूरा करने निर्देश दिये गये।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों व उनके परिजनों को चेक वितरित

**धमतरी 22 मार्च।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना का वर्चुअली शुभारम्भ किया। इस अवसर पर धमतरी विकासखण्ड के ग्राम विश्रामपुर में आयोजित वर्चुअल समारोह में शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत तेंदूपत्ता संग्राहकों व उनके परिजनों को कुल 76 लाख 95 हजार रूपए के चेक सांकेतिक तौर पर जिला पंचायत सदस्य द्वय श्रीमती कविता बाबर, श्रीमती तारिणी चंद्राकर के द्वारा वितरित किए। जिले के 67 हितग्राहियों के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम उक्त राशि अंतरित की गई। डीएफओ श्री मयंक पाण्डेय ने बताया कि उक्त योजनांतर्गत 18 से 49 आयु श्रेणी के हितग्राहियों को दो लाख रूपए और 50 से 59 आयु वर्ग के हितग्राहियों को 30 हजार रूपए प्रति प्रकरण के मान से राशि प्रदाय की जाती है।

उल्लेखनीय है कि शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के समन्वय से तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया की आकस्मिक मृत्यु, दुर्घटनाजनित मृत्यु अथवा पूर्ण विकलांगता तथा आंशिक विकलांगता की दशा में अनुदान के तौर पर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके तहत आज जिले के 67 हितग्राहियों को कुल 76 लाख 95 हजार रूपए की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। इस अवसर एसडीओ वन श्री टीआर वर्मा, श्री एफआर कोसरिया सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

# कृषक रानूराम उसेण्डी ने अपनाया धान की खेती के बदले पौधरोपण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर 22 मार्च।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना का शुभारंभ किया। कांकेर वनमंडल के कोरर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुएगुहान में वर्चुअल कार्यक्रम रखा गया था। हितग्राही कृशक रानूराम उसेण्डी ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि एक एकड़ खेत में धान की खेती करता था, जिसमें तीन से चार क्विंटल की उपज हो जाता था। उक्त जमीन में अब मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के तहत् 250 टिशू कल्चर सागौन का रोपण किया गया है, जिसके 12 साल बाद विक्रय से 24 से 26 लाख रूपये तक आमदनी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत् शासन द्वारा वृक्षारोपण के लिए शत-प्रतिशत अनुदान भी दिया गया है। पौधों की सिंचाई के लिए बोर की व्यवस्था की गई है, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उन्हें इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के शुभारंभ अवसर पर वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वाणि'यक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की शुरूआत की जा रही है। सभी वर्ग के किसानों को वाणि'यक वृक्षारोपण से लाभ मिलेगा। इ'छुक किसान एवं भूमि स्वामी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके तहत विभिन्न प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जाएगा, इनमें रूट शूट टीक, टिशू कल्चर सागौन, मिलिया डूबिया, टिशू कल्चर बांस, क्लोनल नीलगिरी, लाल चंदन इत्यादि पौधे रोपे जाएंगे। कार्यक्रम को वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने भी संबोधित किया। ग्राम तुएगुहान में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री नितिन पोटाई ने कहा कि आज के दौर में वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वृक्ष सम्पदा योजना लागू की गई है, जिसका फायदा जिले के किसान उठायें।

## मंत्री ने की मंदिर में चारदीवारी, आंगनबाड़ी केन्द्र में नलकूप और दो मोहल्लो में सीसी सड़क निर्माण की घोषणा

# लखमा ने किया इरपा में जलनी बुड़ी माता की नवनिर्मित गुड़ी का लोकार्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 22 मार्च।** प्रदेश के उद्योग व वाणिज्य मंत्री तथा बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने बास्तानार विकासखण्ड के ग्राम इरपा में जलनी बुड़ी माता की नवनिर्मित गुड़ी का लोकार्पण किया। इरपा में आज आयोजित मंडई कार्यक्रम में शामिल होकर जलनी बुड़ी माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मंत्री श्री लखमा ने इस अवसर पर मंदिर में चारदीवारी निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन में नलकूप खनन, मल्लापारा और गायतापारा में सीसी सड़क के निर्माण की घोषणा भी की। मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की नीतियों के कारण निर्धन वर्ग में खुशहाली है। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मार्च को किसान, भूमिहीन मजदूर, पुजारी, गायता, बाजा-मोहरिया, आठपहरिया जैसे निर्धन तबके के लोगों को राजीव न्याय योजना के तहत राशि का ऑनलाईन भुगतान किया जाएगा। शासन की इन नीतियों के कारण मेले मंडइयों की रौनक बढ़ी है और लोगों के छोटे-छोटे सपने साकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की नीतियों के मूल में आदिवासी संस्कृति का संरक्षण है। इसी कड़ी में यहां की पारंपरिक खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के संरक्षण के लिए राजीव युवा मितान क्लब का गठन भी किया गया है तथा प्रत्येक क्लब को हर वर्ष एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जा रही है।

स्थानीय विधायक श्री राजमन बेंजाम ने कहा कि आज मौसम के कारण प्रभारी मंत्री श्री लखमा के इरपा पहुंचने को लेकर अंदेशा उत्पन्न हो गया था, किन्तु क्षेत्रवासियों के प्रेम ने प्रभारी मंत्री को इरपा पहुंचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री स्वयं ग्रामीण क्षेत्र से हैं और वे यहां की परपंरा और संस्कृति के साथ लोक आस्था से भलीभांति परिचित हैं। यही कारण है कि इरपा में बहुत ही भव्य माता गुड़ी का निर्माण हो सका। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में कोदो-कुटकी रागी जैसी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रति एकड़ 9 हजार रुपए इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। कोटवार, पटेल, मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोईया इत्यादि का मानदेय बढ़ाया बढ़ाया गया है। छात्रावास-आश्रम में अध्ययनरत बच्चों के भोजन पर खर्च को भी बढ़ाया गया है। इन नीतियों से लोगों में खुशहाली बढ़ी है, जिसका प्रभाव अब दूर गांवों में भी दिखाई दे रहा है। इस अवसर चंद्रपुर के विधायक श्री रामकुमार यादव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के सदस्य श्री बलराम मौर्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य श्रीमती बालो बघेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### चेरामगी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**बीजापुर 22 मार्च।** आज ग्राम पंचायत चेरमगी में स्वर्गीय श्री चंद्रू कचलम जी के स्मृति में ब्लॉक स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव एवं विधायक प्रतिनिधि उसूर श्री, मनोज अवलम जी ने उद्घाटन मैच का रिबन काटकर टॉस करवाया। इस दौरान क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्री, अनिल बुरका जी ग्राम पंचायत के सरपंच श्री, मुन्ना कुरसम जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री, रामलू सोडी जी पूर्व सरपंच जरपल्ली श्री, रामबाबू मचा जी ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष, विनोद तालुकदार एवं ग्राम पंचायत के वरिष्ठ गण की मौजूदगी शुभारंभ किया गया।

### राम नवमी पर निकाली गई शोभायात्रा



**बचेली 22 मार्च।** रामनवमी के पावन अवसर पर मंगलवार दिनाक 21 मार्च को लौहनगरी बचेली में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका नगर में लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर भारी जनसमूह एक झलक पाने और स्वागत करने के लिए खड़े थे।इस अवसर पर बचेली के बस स्टेंड से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महिलाएं, बच्चे, पुरुष सभी जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत कर रहे थे।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लौहनगरी बचेली में राम नवमी के अवसर पर इतनी विशाल शोभायात्रा निकाली गई। डीजे व दर्जनों ढोल नगाड़े के साथ भजनों व संगीत की धुन पर हजारों महिला पुरुष बच्चे हर्सोल्लास के साथ झूमते एवं नृत्य का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। यह विशाल शोभा यात्रा लौहनगरी बचेली के वार्ड क्रमांक 05 में स्तिथ बस स्टैंड से प्रारंभ हो कर पुराना मार्केट, हाईटेक कॉलोनी, घड़ी चौक ,सुभाष नगर,बीएसनल दुरभाष केंद्र भ्रमण करते हुए नगर के हदय स्थल मुख्य बाजार में स्थित हनुमान मंदिर में समापन की गई इस भव्य शोभायात्रा का आयोजन श्रीराम नवमी आयोजन समिति बचेली के द्वारा की गई थीं।

### बड़े गुडरा ग्राम पंचायत में पौधारोपण कर योजना की शुरुआत की

**दंतेवाड़ा, 22 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में स्थित कार्यालय कक्ष से विश्व वानिकी दिवस पर प्रदेश में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना की शुरुआत की। इसी तरह दंतेवाड़ा जिले में भी इस योजना का शुभारंभ विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम पंचायत बड़े गुडरा से किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुश्री सुलोचना कर्मा, जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार, वनमंडलाधिकारी श्री सागर जाधव, एसडीएम श्री कुमार बिश्वरंजन मौजूद रहे। इस योजना अंतर्गत जिले के लगभग 600 हितग्राहियों का चयन किया गया है, जिनके द्वारा 1400 एकड़ में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसकी शुरुआत करते हुए कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार ने चंदन के पौधे का रोपण किया साथ ही शहीद महेन्द्र कर्मा तेन्दू पत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र व 2-2 लाख का चेक भी वितरण किया गया। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना प्रारंभ करने का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि एवं रोजगार सृजन करना है। इस योजना अंतर्गत किसानों एवं अन्य हितग्राही अपने निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के पौधे जैसे- सागौन, बांस, नीलगिरी, चंदन, मालाबार नीम का वृक्षारोपण करना है। योजनांतर्गत रोपित पौधे के रखरखाव हेतु हितग्राहियों के लिए अनुदान राशि का भी प्रावधान रखा गया है।



एक नजर

## गांव-गांव में हाथी की दहशत

राजिम,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गरियाबंद जिले में हाथी से दहशत



फैल चुका है गांव गांव में लोग रात जगा करके अपनी जान माल की सुरक्षा में लगे हुए हैं फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम बोरीद ,बिडोरा सरकडा ,नागझर ,तरजूंगा, खैरझिती ,परसदा खुड़सा , सरकड़ा, गुंडरदेही ,गनियारी में आये दिन प्रतिदिन हाथी का आगमन हो रहा है जंगल विभाग के द्वारा कोटवार के माध्यम से मुनियादी कराया जाता है । तो संध्या के समय गांव में एकदम सन्नाटा हो जाता है ! रात में घर से बाहर निकलना मुस्किल हो गया है । अभी एक माह के अंतर्गत तीन लोगों को हाथी ने मार डाला ग्राम बोरिद में एक महिला को सुबह के समय मार डाला ग्राम मोहरा में एक पुरुष को मार डाला ग्राम बोरसि धमतरी में भी एक आदमी को हाथी मार डाला इस प्रकार हाथी बहुत ही हिंसक ओर आदमखोर हो चुका है । फारेस्ट विभाग का पूरा अमला हाथी के पीछे पीछे भाग रहा है फिर भी हाथी से जान माल की सुरक्षा करना संभव नहीं हो रहा है। इस विषय में किसान नेता ओर सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर साहू ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि फिंगेश्वर क्षेत्र में हाथी के उत्पात से बचाव के लिए या तो हाथी को किसी सुरक्षित अभ्यारण्य में छोड़ा जाए या नहीं तो हिंसक हाथी को किसी बाड़ा में बंधक बना दिया जाना चाहिए अन्यथा रोज दिन कोइ न कोई निर्दोष लोगों की जान जाति रहेगी। हाथी के द्वारा मृतक लोगो के परिवार को कम से कम 50 लाख रु मुआवजा मिलना चाहिए । अब भविष्य में यदि समय रहते शासन प्रशासन ने कोई सुरक्षात्मक कदम नहीं उठाया गया तो किसानों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा ।

## राजिम-रायपुर रेलवे लाईन जल्द होगी शुरू,ओवर ब्रिज का निर्माण तेज, अधिकारियों ने किया निरीक्षण




राजिम,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लंबे इंतजार के बाद राजिम - नवापारा की तस्वीर बदलने जा रही है। अब यहां आगामी दिनों में बड़ी रेल-लाइन की सुविधा मिलेगी। इसके लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा नवापारा-राजिम पहुंचकर रूट एवं संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। रायपुर-राजिम रेलवे ब्रॉड गेज विस्तार का काम तेज गति से जारी है। रायपुर से लेकर बड़ी रेल लाईन बिछाने के लिए समतलीकरण किया जा रहा है। ट्रेन के बीच खेतों और गांव के जाने के लिए जगह जगह अंडर ब्रिज का काम तेजी से जारी है। अभनपुर से राजिम के बीच मानिकचौरी स्टेशन होगा। राजिम से यात्री सीधे रायपुर, भाटापारा, दुर्ग, बिलासपुर जा सकेंगे। राजिम में ब्रॉड गेज सेवा के विस्तार से राजिम पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। राजिम सड़क के अलावा रेल लाईन से सीधे अन्य राज्यों से जुड़ जाएगा। राजिम स्टेशन में सेवा विस्तार के लिए रेलवे की टीम ने नवापारा पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में आए अधिकारियों ने बताया कि नवापारा बस स्टैंड के पास रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। रेलवे की जगह पर अवैध कब्जा को जल्द हटाया जाएगा। इसके लिए जल्द नोटिस अवैध कब्जा धारियों को दिया जाएगा।

**1888 में शुरू हुई थी राजिम में रेल लाईन सेवा**-राजिम में आजादी से पहले सन 1888 को रेल लाईन की सेवा शुरू की गई थी। लगभग 134 साल बाद नेरो गेज को ब्रॉड गेज में बदला जा रहा है। पुराने समय में राजिम से मालगाड़ी के अलावा पैसेंजर सेवा भी चालू थी।

## अछरीडीह में राष्ट्रपति के अभिभाषण का किया गया वाचन

**महासमुंद।** ग्राम अछरीडीह में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ सशक्तिकरण एवं राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के 31 जनवरी 2023 को लोकसभा में दिए गए भाषण का वाचन कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता विस्तारक एवं जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गोपा मोती साहू रही। साथ में भाजपा नेता मोती लाल साहू, शक्तिकेंद्र संयोजक विजय साहू, शत्रुघ्न साहू, चैनू साहू, छबि साहू, अलख राम साहू, गिरजा दास मौजूद रहे।इस अवसर पर अछरीडीह बूथ क्र.121 की समीक्षा की गई।

बसंतीय नवरात्रि आज से

# नवरात्रि पर घटारानी जतमाई और झरझरा मंदिर में जगमगाए के आस्था के जोत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम , 22 मार्च।** दो ऋतुओं के बीच यानि बसंत और ग्रीष्म ऋतु के मध्य संधि बेला पर नवरात्रि का आगमन साधना स्वाध्याय उपासना सत्संग के लिए उपयुक्त समय माना जाता है इस दौरान यदि सच्ची लगन और निष्ठा से दैवीय शक्तियां की आराधना की जाय तो अवश्य ही फलदायी होता है ।यही कारण है कि पूरे भारत वर्ष सहित छत्तीसगढ़ में दोनों नवरात्रि को धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें दैवीय स्थल मंदिरों और निजी आयोजनों द्वारा 'योति कलश और जंवारा बोया जाता है तथा शारदीय नवरात्र कुवांर में मां दुर्गा या काली मूर्ति स्थापना पूजा तथा





समापन अवसर पर यज्ञ हवन और मूर्ति विसर्जन भी किया जाता हैइस बासंतीय नवरात्रि में हमारे अंचल के सुप्रसिद्ध पर्यटन और धार्मिक दर्शनीय स्थल घटारानी जतमाई तथा झरझरा में प्रतिवर्ष अनुसार समितियों वआस्थावान भक्तों द्वारा मनोकामना 'योति प्र÷वलित कर मांदर की धुनों पर माता जी की जस सेवा गीतों द्वारा जारी रहेगा तीनों दैवीय स्थल के समिति पदाधिकारी और निष्ठावान कार्यकर्ता द्वारा आयोजन के लिए तैयारियां पूरी की जा रही है जिसमें घटारानी समिति तारण सिंह ध्रुव जहुर दीवान परमेश्वर दीवान संतोष कुमार दीवान गजेश्वर सिन्हा टेमन सिन्हा पुजारी धनसिंग ध्रुव संत राम ध्रुव और आसपास के ग्रामीण फुलझर जमाही छुईहा चरौदा कुण्डेल तरीघाट झरझरा समिति के अध्यक्ष चम्मन साहू सचिव दीपक ध्रुव अनिल कुमार साहू मुन्ना लाल साहू कुलेश्वर साहू गैंदराम साहू दिलीप कुमार साहू उगेश कुमार साहू पुजारी गोवर्धन यादव गोपाल साहु हेमलाल साहू सहित पूरे मुरमुरा ग्रामवासी आदि जुटे हुए हैं वहीं जतमाई माता समिति द्वारा ग्राम कोसमपानी गायडबरी तौरेंगा दीवना सांकरा गाड़ाघाट आदि ग्रामीण जन लगे हुए हैं।

## धर्मनीति आधारित हो राजनीति का धर्म:साध्वी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 22 मार्च।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय इमलीभांठा में धर्म राजनीति और शुचिता विषय पर साध्वी प्रतिभा दीदी का ओजस्वी प्रवचन कार्यक्रम धर्मप्रेमी महानुभवों की उपस्थिति में हुआ।



कार्यक्रम के शुभारंभ में साध्वी प्रतिभा दीदी की उपस्थिति में भारतमाता, सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजार्चना कर दीदी का स्वागत वंदन अभिनन्दन उपस्थितजनों द्वारा किया गया।वृंदावन विद्यालय परिसर में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में साध्वी प्रतिभा दीदी ने धर्म राजनीति और शुचिता विषय पर सारगर्भित प्रवचन देते हुए कहा कि हरिकृपा से समय का सदुपयोग करते हुए हम वैचारिक एकता प्रकट करने यहाँ उपस्थित है। विचारों का मिलना किसी भी संगठन की सफलता का महत्वपूर्ण कारण होता है। देश, प्रदेश में प्रवास और प्रवचन में कई प्रकार के सम्प्रदाय के लोगों से सामना होता है। अनेकता में एकता ही भारत देश की पहचान और ताकत है। दशरथ पुत्र क्षत्रिय राजा राम अगर वनवास नही जाते तो एक साधारण राजा बनकर अयोध्या नगरी में राज कर रहे होते। मगर धर्म की रक्षा कर पूरे संसार में अहंकार और विधर्मियों का सर्वनाश कर सुशासन की स्थापना राजधर्म निभाकर वो मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम कहलाए, जिनके आचरण का अनुसरण हमारी सभी पीढियां कर रही है। हमारे अंतर्मन में प्रेम, त्याग, सद्भावना, सेवा और त्याग का भाव हो काम, क्रोध, दोष न हो हृदय कमल खिल अवश्य ही खिल जाएगा। वर्तमान समय में मतांतरण और धर्मांतरण सिर्फ इसलिए हो रहा है। क्योंकि, राजनीति में धर्मगुरुओं की कमियां हो गयी है और लोग भटक गए है। भगवा रंग देख कर कुछ लोग इसे राजनीतिक रँग देकर दुष्प्रचार करने में लगे है। मगर उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि देश हो या प्रदेश उसे सन्तो के आचरण के अनुरूप ही चलाया जा सकता है। जब जब संतों की यात्रा होगी, तब तब भारत में भगवा लहराएगा और देश की एकता अखंडता कायम रहेगी।

## पंचायत सचिवों की हड़ताल से काम-काज हुआ प्रभावित



**सुकमा,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** परीविक्षा अवधि पश्चात भी शासकीयकरण की घोषणा नहीं करने के विरोध में प्रदेश पंचायत सचिव संघ, जिला इकाई सुकमा 16 मार्च से काम बंद-कलम बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। संघ के सदस्य धरने पर बैठे हैं। उन्होंने हड़ताल की सूचना जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पहले ही दे दी थी। जिलाध्यक्ष गिरीश कश्यप ने बताया कि पंचायत मंत्री के आश्वासन के बाद भी बजट में शासकीय करण को कोई प्रावधान नहीं किया गया है। पंचायत सचिव 29 विभागों के दो सौ प्रकार के कार्य को जमीनी स्तर पर पूर्ण करते हैं। सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं। हड़ताल के कारण प्रदेश के 10544 पंचायत कार्यालयों में ताला लटका हुआ है। इससे कई तरह के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शासकीयकरण करने से सरकार पर मात्र 75 करोड़ का वित्तीय भार आएगा।

## हाड़ाबंद में 2 एकड़ भूमि में 500 टिशु कल्चर सागौन के पौधे लगाए

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व वानिकी दिवस पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ बागबाहरा विकासखंड के ग्राम हाड़ाबंद में अतिथियों ने पौधरोपण कर किया। भूमि स्वामी दुर्गेश नंदन साहू एवं जयप्रभा साहू के एक-एक एकड़ जमीन पर 250-250 टिशु कल्चर (सागौन प्रजाति) का पौधरोपण किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना किसानों को समृद्ध बनाने की योजना है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समाज के सभी वर्गो के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाना चाहते है। उन्होंने इस योजना की प्रशंसा की। कार्यक्रम में कृषक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष महेन्द्र चंद्राकर, जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, सरपंच तोषराम साहू, पुलिस अधीक्षक महेन्द्र छवई सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश



बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर आज महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ किए है। यह योजना अगले पांच वर्षो में बहुत ज्यादा फायदा देने वाला है। उन्होने योजना की पात्रता रखने वाले सभी लोगों को अपने पड़ती भूमि पर जिसका उपयोग फसल के लिए नहीं किया जा रहा है, उसमें इस योजना के तहत वृक्ष लगाकर स्वयं लाभ लें और दूसरों को भी प्रेरित करेंवनमण्डलाधिकारी पंकज राजपूत ने योजना का उद्देश्य, पात्रता, लाभ आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना शुद्ध पर्यावरण, ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के साथ ही आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के बारे में बताया कि 5 एकड़ तक शत प्रतिशत अनुदान है। बेचने की जवाबदेही वन विभाग की होगी। इस योजना के तहत जिले के 27 हितग्राहियों के 30.640 एकड़ भूमि में विभिन्न प्रजातियों के कुल 9460 पौधों का रोपण इस वर्ष किया जाएगा। भूमि स्वामी व योजना के हितग्राही दुर्गेश नंदन साहू ने बताया कि उन्हें इस योजना के बारे में पता चलते ही उन्होंने तत्काल अपने दो एकड़ पड़त भूमि पर 500 सागौन के पौधे लगाने के लिए सहमति दे दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से वास्तव में भूमि का उपयोग और आर्थिक लाभ होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना अंतर्गत 6 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र तथा 181 हितग्राहियों के खाते में 2 करोड़ 78 लाख 95 हजार की राशि ऑनलाइन ट्रान्सफर किया गया।उल्लेखनीय है कि यह किसानों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीन कवर बढ़ाने की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ ले सकते हैं। हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण के लिए 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जाएगा। राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36000 एकड़ के मान से कुल 05 वर्षों में 180000 एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जाएगा, जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढ़ने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होने का संभावना है। योजना अंतर्गत क्लोनल नीलगिरी, टिशू कल्चर बांस, सागौन, मालाबार नीम जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का सुकमा जिले में शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 22 मार्च।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ मंगलवार को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जिले के दोरनापाल में भूमि स्वामी प्रांशु सिंह चौहान के 3 एकड़ जमीन पर चन्दन और सागौन के पौधे रोपण कर किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हरीश कवासी ने कहा कि इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। 5 एकड़ तक शत प्रतिशत अनुदान है। चन्दन और सागौन, बॉस नीलगिरी आदि का पौधा कुछ साल में ही फायदा देना शुरू कर देगा। बेचने की जवाबदेही विभाग की होगी। इसलिए उन्होंने सबको इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।मंगलवार को यहां दोरनापाल में आयोजित इस महती आयोजन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष हरीश कवासी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, योग आयोग के सदस्य राजेश नारा, माड़वी देवा, जाकिर हुसैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, तेंदूपत्ता यूनियन के अध्यक्ष, सदस्य, योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों सहित आमजन, साथ ही कलेक्टर हरिस एस, वनमंडलाधिकारी थ्रेजस एस सहित



अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। सुकमा जिले में इस योजना के तहत अब तक 9 सौ से अधिक हितग्राहियों के लगभग 14 एकड़ एकड़ भूमि का विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण करने के लिए पंजीकरण किया गया है। दोरनापाल के भूमि स्वामी व योजना के हितग्राही प्रांशु सिंह चौहान ने बताया कि उन्हें इस योजना के बारे में पता चला उन्होंने तत्काल अपने 3 एकड़ भूमि पर चन्दन और सागौन पौधे लगाने हेतु सहमति दे दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से वास्तव में भूमि का उपयोग और आर्थिक लाभ होगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में राशि भी ऑनलाइन ट्रान्सफर किया गया।विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस योजना का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। यह किसानों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीन कवर बढ़ाने की एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाऐं, निजी शिक्षण संस्थाऐं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाऐ, पंचायते तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ ले सकते है। हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 05 से ऊपर के जमीन के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जावेगा। राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36000 एकड़ के मान से कुल 05 वर्षों में एक लाख अस्सी हजार एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जावेगा, जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढ़ने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होने का संभावना है। योजना अंतर्गत क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस,सागौन, मालाबार नीम जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा।

## तीसरी बरसी पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**सुकमा,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक-23/11/2022 सुकमा जिले के चिंतागुफा थानान्तर्गत मिनपा गांव मिनपा में दिनांक 21/03/2020 को एस टी एफ व क्षेत्र में दिनांक 22/11/2022 को नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों की शहादत की तीसरी बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान मिनपा कैम्प में स्थित शहीद स्मारक पर सी / 241 बस्तरिया बटालियन, यंग प्लाटून 80 बटालियन व 206 कोबरा बटालियन के जवानों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीदों को याद किया एवम् दो मिनट का मौन रखा। इस कार्यक्रम में सी / 241 के कमान अधिकारी श्री सुभाष चन्द मीना (साहयक कमाण्डेन्ट) निरिक्षक जीडी दिनेश कुमार, निरिक्षक जीडी अशोक कुमार कोबरा सी / 206 के कमान अधिकारी श्री रवि मिश्रा (साहयक कमाण्डेन्ट), श्री मनीष कुमार ( साहयक कमाण्डेन्ट), यंग प्लाटुन के कमान अधिकारी श्री प्रदीप कुमार (साहयक कमाण्डेन्ट), सभी जवानो ने भाग लिया।



समाचार संक्षेप

## पुसपाल में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल उत्सव समारोह का आयोजन

**सुकमा,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल जीवन मिशन के



अंतर्गत सुकमा जिले में विकासखंड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत पुसपाल में विकासखंड का प्रथम जल उत्सव समारोह का आयोजन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड सुकमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गांव के मुखिया पटेल श्री पानू राम जी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। समन्यको द्वारा जल जीवन मिशन, जल संवर्धन एवं गुणवत्ता पर लोगों से विशेष चर्चा कर जल वाहिनी को प्रशिक्षण दिया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ना केवल हर घर स्वच्छ जल देना है बल्कि पंचायतों में बनी ग्राम एवं स्वच्छता समिति को पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव के प्रति सशक्त भी बनाना है ताकि ग्रामीण जन सामुदायिक भागीदारी के साथ अपने स्तर पर ग्राम सभा के माध्यम से जल कर एवं जल वितरण की समयावधि निर्धारित कर स्वामित्व की भावनाओं के साथ कार्य योजना को आगे बढ़ाये। साथ ही पेयजल की गुणवत्ता के प्रति भी हर ग्रामीण को जागरूक रहने को बताया गया क्योंकि पानी सीधा हमारे स्वास्थ से जुड़ा है अगर पानी स्वच्छ रहेगा तभी हम बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती निर्मला ध्रुव ने भी ग्रामवासियों से अपील की कि यह नल जल योजना हम ग्राम वासियों के लिए है और हमें ही इसका रखरखाव करना है। जल संरक्षण करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम जल की समस्या का स्थायी निदान कर सकें ऐसी शपथ लेना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान हर घर नल से जल सर्टिफिकेट सौपा गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच देवेंद्र नाग, वर्ल्ड विज़न के केशरी नंदन साहू और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी, समन्वयक ङ्क अरुण सरकार, अजीत पोटाई, समदेव उसेंडी, सतीश साहू, राजेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## राजा मड़ई का आयोजन 9 अप्रैल को

**सुकमा,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रत्येक 12 वर्ष में



होने वाले राजा मंडई परमंर पमंरा के अनुसार चिट्टीमीन अम्मा देवी के पावन चरणों में एवं माता शबरी के पावन तट पर प्रत्येक 12 वर्ष में यह मेला पूर्ण रूप से आदिवासी जनजाति परंपरा के अनुसार यह मंडई हर्ष उल्लास के साथ मनाई जाती है और इस लड़ाई में अंतर राज्य देवी देवताओं का आगमन होता है और हर्षोल्लास के साथ यहां के प्राकृतिक संस्कृतिक के अनुसार सभी देवी देवताओं का स्वागत किया जाता है यहां मेला इस वर्ष 9 अप्रैल से 12 अप्रैल यह मेला आयोजन हो रहा है यहां आयोजक दो परगना के लोग अपनी संस्कृति के अनुसार करते हैं दो परगना केरलापाल एवं कोर्र्रा परगना के प्रत्येक गांव से अपने अपने देवी-देवताओं को लेकर प्रथम दिन उपस्थित होते हैं ओर अंतर राज्य से आने वाले देवी देवताओं का भव्य रूप से स्वागत किया जाता है आने वाले क्षेत्र के देवी-देवताओं उड़ीसा प्रांत आंध्र प्रदेश प्रांत महाराष्ट्र प्रांत एवं दंतेवाड़ा जिला छिदगढ परगाना एवं कुंवाकोडा परगना के देवी देवताओं का उपस्थिति अनिवार्य रूप से प्रत्येक 12 वर्ष में होता हैमां रामारामी का आशीर्वाद लेकर आमंत्रण एक सप्ताह से सभी देवताओं को दिया जा रहा है उसी प्रकार आज दिनांक 19 मार्च 2023 जगरगुंडा क्षेत्र के प्रमुख देवी देवताओं का आमंत्रण आज दिया गया है जिसमें कनकराज पोतराज नंदराज गंगानम्मा मुतेलतजअम्मा जगरगुंडा क्षेत्र के सभी देवी देवताओं का आमंत्रण दो प्रगणा के बीच में यह आमंत्रण दिया गया है।

## समय सीमा की बैठक में जाति प्रमाण पत्र पंजीयन धान उठाव के कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश




**सुकमा,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर हरिस एस ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र के पंजीयन कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने धीमी गति पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए पंजीयन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश समय सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि सभी प्रमाण पत्रों को प्रिंट करके ग्रीष्मावकाश प्रारंभ होने से पहले ही सभी स्कूली बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान करें। साथ ही प्रत्येक कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रतिदिन न्यूनतम 40 आवेदनों का पंजीयन करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर ने सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के उपार्जन केंद्रों से धान उठाव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने धान उठाव के धीमी गति पर भी नाराजगी जाहिर की और मिलर्स को संबंधित उपार्जन केंद्रों से जल्द ही धान उठाव कार्य प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने राशन वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने छिन्दगढ़ विकाखण्ड के कोकावाड़ा, जैमेर, किन्दरवाड़ा में राशन भण्डारण और वितरण की जांच कराने के साथ ही मार्च अंतिम तक सभी स्टॉक क्लोजिंग करने के निर्देश दिए। कोण्टा विकासखण्ड के तारलागुड़ा, पोटकपल्ली, गुमोड़ी के पीडीएस दुकानों में भी राशन भण्डारण और वितरण की जांच करने कहा। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को शिविर में चिहांकित दिव्यांगजनों का ऑपरेशन के लिए सूची बनाने के साथ ही पेंशन के लंबित प्रकरणों की जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने कहा।कलेक्टर ने रीपा से संबंधित सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा मार्च के अंतिम सप्ताह में वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया जाएगा और सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी, अस्पताल, पीडीएस, स्कूल भवनों समेत अन्य भवनों की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण तथा मरम्मत कार्य को भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपयोगी सरकारी भवनों का चिन्हांकन कर अस्पताल, पीडीएस दुकानों के उपयोग में लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने नागाराम, तिम्मापुरम, गगनपल्ली में जल्द ही उप स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। साथ ही एल्मागुण्डा में हाट बाजार मोबाइल क्लीनिक की गाड़ी भेजकर आमजनों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने कहा। वहीं उन्होंने कामाराम में भी अस्पताल प्रारंभ करने के लिए भवनों का चिन्हांकन करने कहा। उन्होंने दूर दराज के गांवों से जिला अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों के साथ ही उनके अटेण्डर को भी भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुपोषण केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को दाखिला करने के साथ ही केन्द्र की सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करते हुए नियमित रूप से संचालन करने कहा। बैठक में सौर सुजला के अकार्य पम्पों का मरम्मत, सौर लाइट के बेटरी का मरम्मत, जल जीवन मिशन के कार्यों, गोठानों के साथ आवर्ती चराई में नियमित रुप से गोबर खरीदी जारी रखने, गोमूत्र खरीदी तथा लंबित देयकों का भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने गोठानों से उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट को विक्रय के लिए सभी सोसायटी में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही विभागों के मांग के आधार पर वर्मी कम्पोस्ट उपलब्ध कराने कहा।

## एक नज़र

### मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर बिहान योजना में कार्यरत महिलाओं ने सौंपा सीईओ को ज्ञापन



**कसडोल, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार जिला कसडोल नगर पंचायत में बिहान योजना में कार्यरत केडर सक्रिय महिलाओं ने मंगलवार दिनांक 21 मार्च 2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी व जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मानदेय बढ़ाने की मांग और काम बंद कर हड़ताल में जाने के लिए सौंपा गया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान योजना में जनपद पंचायत क्षेत्र में से करीब 80 महिलाएं कार्य करती है। इसमें पी आर पी, एफएल सी आर पी, आर बी के, सक्रिय महिला, कृषि मित्र, पशु सखी व बैंक मित्र है। इसमें पीआरपी को 13200 रूपये, एफएल सी आर पी को 5000 रूपये, आर बी के को 2200 व सक्रिय महिला, कृषि मित्र, पशु सखी को 1500 रुपये तथा बैंक मित्र को 2500 मानदेय दिया जाना है। इस संबंध में अनीता साहू, संत कुमारी साहू, विनीता दुबे, नंदकुमारी साहू, सुनीता वर्मा, सावित्री साहू सहित अन्य महिलाओं ने बतलाया कि इस योजना के तहत 1500 रूपये वर्तमान में दिया जा रहा है जो कार्य के हिसाब से बहुत ही कम है। जबकि हमें महिला समूह बनाने, उसे सक्रिय करने के अलावा कई तरह के सर्वे का कार्य भी करना पड़ता है। कार्य बहुत ज्यादा रहता है, जिसे देखते हुए सरकार से मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए काम बंद कर हड़ताल में जाने के लिए मजबूर हो रही हैं।

### छांछी में पेंशन योजना का अंकेक्षण एवं वार्षिक सत्यापन के लिए लगा शिविर

**बलौदाबाजार, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत छांछी में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं वार्षिक सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 से अधिक हितग्राही सम्मिलित हुए। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृध्दावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना का सामाजिक अंकेक्षण, हितग्राहीयों का वार्षिक सत्यापन एवं सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सत्यापन किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग अरविंद गेड़ाम सहित समाज शिक्षा संगठक, सचिव एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीडीओ का कलेक्टर को निर्देश: 24 मार्च तक कोषालय एवं उपकोषालय में देयक करें प्रस्तुत

**बलौदाबाजार, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के वित विभाग के निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर रजत बंसल ने जिले के समस्त विभागों के आहरण सह वितरण अधिकारियों (डीडीओ) को 24 मार्च तक कोषालय एवं उप कोषालय में देयक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही जिला कोषालय अधिकारी के के दुबे ने आहरण सह वितरण अधिकारियों (डीडीओ) निर्देशित करते हुए कहा है कि जिनका देयक निरस्त हुआ हो वह अविलम्ब प्रपत्र 76 मुख्य शीर्ष 7658 में तैयार कर कार्यालय को प्रस्तुत करने कहा गया है।

### आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बलौदाबाजार, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से पीड़ित एक परिवार के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के अंतर्गत 17 मार्च 2023 को सहायता राशि मंजूर की है। योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही में सुरेश कुमार यादव पिता स्व.शिवकुमार यादव, निवासी ग्राम मुंडा तहसील लवन शामिल हैं।हितग्राहियों के निकट परिजनों के तालाब के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

---

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गोबर खरीदी के लिए श्री सीमेंट और जिला प्रशासन के बीच एमओयू

# ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए श्री सीमेंट संयंत्र प्रतिदिन खरीदेगा 10 मीट्रिक टन गोबर

## एडीशनल फ्यूल रिर्सोसेज के रूप में किया जाएगा गोबर का उपयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 22 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में आज विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में श्रीसीमेंट उद्योग और जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा के बीच एमओयू हुआ।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा विकासखण्ड में स्थापित सीमेंट उद्योग द्वारा गोबर क्रय करने की सहमति दी गई है। कोयले की जगह ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने श्रीसीमेंट प्रतिदिन खरीदेगा 10 मीट्रिक टन गोबर। एडीशनल फ्यूल रिर्सोसेज के रूप में गोबर का भट्टी को गरम करने में कोयले के साथ उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा रजत बंसल और सीमेंट के रवि तिवारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि श्रीसीमेंट के सबसे समीप के गांव चण्डी में गोबर अन्य स्थानों से एकत्र कर कंपनियों को दिया जायेगा। गोबर की पूर्ति सीमेंट उद्योग के 15 किलोमीटर के परिधि वाले 16 गांव से प्रतिदिवस 10 मीट्रिक टन गोबर प्रदाय किया जाएगा। कम्पनी को अब तक 38.8 मीट्रिक टन गोबर प्रदाय किया जा चुका है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 07 गौ-शालाएं हैं, जिसमें 1739 पशुओं को रखा गया है, इनमें 04 सिमगा विकासखण्ड में ही स्थित है जो 20-25 किलोमीटर की दूरी पर है। गौ-शालाओं से भी प्रति दिवस 6 मीट्रिक टन गोबर प्रदाय की संभावना है। जिले में उद्योगों के समीपस्थ लगभग 95 गांव हैं, जिसमें पशुओं की संख्या लगभग 80 हजार है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन की गोबर खरीदी की गोधन न्याय योजना से प्रभावित होकर गोबर के उपयोग के नए-नए नवाचार सामने आ रहे हैं। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, दिये और गमले बनाने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में अब प्राकृतिक पेंट और बिजली का उत्पादन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के श्रीसीमेंट उद्योग ने एडीशनल फ्यूल रिर्सोसेज के रूप में गोबर का उपयोग करने का फैसला किया है।

# मानदेय बढ़ाने पर सीएम का आभार जताया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 22 मार्च।** चुनाव वही हारता है जो हार कर घर में बैठ जाता है भूपेश सरकार का मनोदय वृद्धि के लिए आभार व्यक्त करने संगीता सुनील महेश्वरी ने आयोजित एक सम्मेलन सिमगा भाटापारा विधानसभा के ब्लॉक सिमगा में भूपेश बघेल सरकार का आभार कार्यक्रम सांस्कृतिक भवन सिमगा में आयोजित की गई आयोजक प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील महेश्वरी की पत्नी संगीता सुनील महेश्वरी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका रोजगार सहायक मितानिन और रसोइयों के मानदेय में हुई वृद्धि के लिए भूपेश बघेल सरकार का आभार व्यक्त करने कार्यक्रम किया जिसमें 1000 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग महेश्वरी ने भूपेश सरकार का आभार व्यक्त करने के लिए आयोजित इस सम्मेलन में कहा कि जमीन से जुड़े जनता की दिन-रात सेवा करने वाले आप लोगों का भूपेश सरकार ने किया है।

मूल्यांकन महेश्वरी की अपील पर पूरे सभा में लगातार करतल ध्वनि से सभी ने भूपेश सरकार का आभार व्यक्त किया संगीता ने सुनील महेश्वरी ने आगे कहा कि यहां किसी राजनीति के सामाजिक मंच में आज मैं पहली बार आई हूं मैं अपने पति के दिन-रात की मेहनत से प्रभावित होकर आने वाले समय में उनका भरपूर सहयोग करना चाहती हूं वह हमेशा कहते हैं चुनाव वही हारता है जो हार कर घर में बैठ जाता है और वह भी घर नहीं बैठे संगीता सुनील महेश्वरी ने कहा कि सरकार सभी का मानदेय बढ़ाई उसके लिए आभार उन्होंने बताया सुनील महेश्वरी 2018 चुनाव में प्रत्याशी थे कांग्रेस के वोट में विभाजन होने से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन जब से वह चुनाव हारे कभी घर में नहीं बैठे उनका मानना है कि चुनाव वही हारता है जो हार कर घर में बैठ जाता है कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती सभा स्थल में उपस्थित सभी के अपील पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील महेश्वरी के पहुंचने पर मात्र शक्तियों ने फूलों की बौछार से या उनका स्वागत किया उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार संवेदनशील सरकार है उनके रहते छत्तीसगढ़ की जनता कभी कष्ट में नहीं रह सकती सभी को मानदेय बढ़ने की उन्होंने बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हमारा काम महिला सशक्तिकरण के साथ ही नशा मुक्त समाज बनाना है इसके कारण ही चुनाव में परिणाम कुछ भी आए मैं कभी शराब और मांसाहार का उपयोग चुनाव जीतने के लिए नहीं करता पंचायत हो या विधानसभा चुनाव अगर शराब का वितरण होता है तो एक चुनाव में एक विधानसभा में एक हजार से ज्यादा छोटे बच्चे शराब पीना शुरू कर देते हैं उन्होंने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन सहायिका ने समाज में बदलाव लाए है आप लोग जान बचाने बच्चे को पोषण देने का काम कर रही है इसलिए समाज आपका आभार है मैं आपसे निवेदन करूंगा कि कोई भी आपके पास काम लेकर आता है तो उसे जरूर करें जनपद अध्यक्ष वीणा आदिल ने कहा भूपेश सरकार ने जिस तरह से मांगे पूरी की हैं।

महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष सुनीता यादव ने सरकार की योजना और हो रहे कार्यों के बारे मे बताई साथ ही कहा कि आप की मांग को पूरा करने का काम सरकार कर रही है गुड़गांव की पूर्व सरपंच माहेश्वरी साहू ने कहा सरकार पूरा की है उनके लिए आभार कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई इसकी प्रस्तुति ललिता प्रतिभा संगीता ने दिया इसके बाद राज्य गीत अरपा पैरी के धार का गायन हुआ कार्यक्रम में जस गीत की प्रस्तुति अमृत एवं साथी ने नशा मुक्ति गीत प्रमिला एवं साथी ने स्वागत गीत सुलेश्वरी जोशी डाली बाग ने गाना की प्रस्तुति क्रिस्टीना मसीह गीत बाइक और नैंसी चंद्रवंशी ने दी इस दौरान सभी ने फूलों की होली खेली कार्यक्रम में कबड्डी कुर्सी बेड मटका फोड़ बेलवा झूला सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का भी आयोजन किया गया।

# जुनवानी स्कूल में पदस्थ शिक्षिका पर लगा फर्जी अंकसूची से नौकरी करने का आरोप

## बीईओ ने कहा-आरोप सही पाए जाने पर जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 22 मार्च।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विकासखंड से लगभग 40- 45 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम जुनवानी में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका ललिता भास्कर के ऊपर फर्जी अंकसूची से नौकरी करने का गंभीर आरोप लगा है। प्रार्थी संतोष जायसवाल कोतमरा निवासी ने इसके लिए सारंगढ़- बिलाईगढ़ के कलेक्टर को दिनांक 30 अक्टूबर 2022 को ज्ञापन सौंपकर उन पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, जिसके बाद कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षिका ललिता भास्कर की अंकसूची की जांच करने के लिए कहा है। लेकिन अब तक इस पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। इस संबंध में बिलाईगढ़ विकास खंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू ने बतलाया कि उनके द्वारा जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में शिक्षिका ललिता भास्कर की नियुक्ति के समय दिए गए समस्त दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई है लेकिन अब तक जनपद पंचायत के अधिकारी ने उनके दस्तावेज की जानकारी नहीं दी है जिसकी वजह से कार्यवाही में विलंब हो रहा है।

**अंकसूची बदल दिए जाने की आशंका:** वहीं सूत्रों की मानें तो बिलाईगढ़ विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी भी शिक्षिका से मिले हुए हैं और दूसरे प्रदेश से उनका पुनः अंकसूची बनवा कर उनकी नियुक्ति के समय दिए गए दस्तावेजों को बदल दिया गया है लेकिन इस बात की पुष्टि अभी नहीं हुई है। जब तक शिक्षिका ललिता भास्कर की अंकसूची, विखं शिक्षा अधिकारी को नहीं मिल जाता। और इसकी जांच जिस संस्था से अंकसूची जारी हुआ है उस संस्था के द्वारा प्रमाणित नहीं किया जाता है तब तक कहा नहीं जा सकता कि अंकसूची बदल दी गई है। फ्लिहाल विखं शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू ने जांच कर उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

### अब तक शिक्षिका पर कार्रवाई नहीं होने से अधिकारियों की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

बिलाईगढ़ विकासखंड में शिक्षिका ललिता भास्कर की नियुक्ति सन् 2008 में होने की जानकारी मिली है। इसका मतलब है कि उन्हें स्कूल में पढ़ाते हुए करीब 14 साल हो गए हैं लेकिन शिक्षा अधिकारियों के द्वारा अब तक उनकी दस्तावेजों के बारे में सही जानकारी नहीं जुटा पाए हैं या यह कहें इसकी जानकारी मिलने के बावजूद मिलीभगत का प्रशासन के आंख में धूल झोंकी जा रही है और तथाकथित फर्जी शिक्षिका का साथ देकर, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बेरोजगारों का हक छीनने का भी कार्य इन शिक्षा अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। इन अधिकारियों के ऊपर भी कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि गलत का साथ देने वालों का मनोबल कमजोर हो।

### नगर निवेश ने 25 प्रकरणों में 63 लाख से अधिक रुपये का लगाया जुर्माना

**बलौदाबाजार, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अंतर्गत नियमितिकरण प्राधिकारी समिति के द्वारा 6 प्रकरणों का नि:शुल्क, 1 आवासीय एवं गैर आवासीय, गैर आवासीय 08 एवं आवासीय 16 प्रकरणों में कुल जुर्माना राशि 56 लाख 92 हजार 256 रूपये एवं उपकर राशि 6 लाख 39 हजार 388 रूपये लगाया गया है। इस प्रकार कुल 63 लाख 31 हजार 644 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार में कुल 6 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें 1 आवासीय प्रकरण ग्राम खैरघटा निवासी दुजराम चतुर्वेदी का नि:शुल्क प्रकरण, 2 आवासीय प्रकरण एवं 3 गैर आवासीय प्रकरण का निराकरण किया गया है, जिसमें जुर्माना राशि 29 लाख 73 हजार 470 रूपये एवं उपकर राशि 3 लाख 65 हजार 309 रुपये लगाया गया। नगर पालिका परिषद्, बलौदाबाजार से कुल 5 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें 1 आवासीय प्रकरण बलौदाबाजार निवासी प्रशांतदास का नि:शुल्क, 1 आवासीय प्रकरण एवं 3 गैर आवासीय प्रकरण का निराकरण किया गया है।

# गर्म पानी में गिरने से बुरी तरह झुलसा आदिवासी बच्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



■ माँ बाप आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण 14 दिन बाद भी नहीं मिल पाया इलाज

■ बढ़ते ज़ख्म व दर्द से परेशान मासूम रतजगा करने को है मजबूर

**देवभोग, 22 मार्च।** 14 दिन पहले शरीर में गर्म पानी गिरने से गोहेकेला गॉव का मासूम बच्चा अरुण नेताम बुरी तरह से झुलस गया था। खेल-खेल में गर्म पानी अरुण के ऊपर गिर गया। जिससे उसके कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह झुलस गया। कोई अरुण को बचाता इससे उबल रहा गर्म पानी अरुण को कमर से नीचे तक झूलसा दिया। गर्म पानी गिरने की इस घटना को आज 14 दिन बीत गए लेकिन अरुण को आज भी उपचार नहीं मिल पाया है। आर्थिक रूप से कमजोर पिता रूपसिंह नेताम और माता चंचला नेताम भी मासूम का इलाज करवाने में असमर्थ है। वहीं इलाज नहीं मिलने से मासूम बच्चा दर्द से कराहने को मजबूर है। वहीं दिन ब दिन ज़ख्म भी बढ़ने लगा है। स्थिति ऐसी है कि ज़ख्म बढ़ने के चलते दर्द के कारण मासूम को चलने फिरने में भी बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, पुरे दिन बिस्तर पर रहना उसकी मजबूरी हो गई है। उपचार नहीं मिलने के कारण दिन ब दिन मासूम का घाव बढ़ने लगा है। परिजन घर पर ही घरेलू उपचार कर रहे है लेकिन सही दवा नहीं मिल पाने के चलते घाव दिन ब दिन बढ़ने लगा है।

मामले में बीएमओ डॉक्टर तनिशा धनेलिया का कहना है कि आपके माध्यम से मामले की जानकारी मिली है, मैं मामले की पूरी जानकारी लेकर बच्चे के इलाज के लिए जल्द ही उचित कदम उठाऊंगी।

### मेरे बच्चे का इलाज करवा दो कका

मासूम अरुण नेताम की माँ चंचला नेताम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से गुहार लगाते हुए कहा है कि कका आप तो सबकी समस्या सुनकर उसे दूर करते हो। काका मेरी भी समस्या का हल कर दो, और मेरे बेटे का अच्छे जगह इलाज करवाकर उसके चेहरे में मुस्कान लौटा दो। वहीं पीड़ित बच्चे के इलाज के लिए मांझीपारा निवासी प्रेम मांझी भी बहुत ज्यादा प्रयासरत है। प्रेम ने मामले की जानकारी देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दी है। वहीं समाचार लिखे जाने तक अरुण को लेने के लिए एम्बुलेंस उसके गॉव के लिए रवाना हो गई है।

# सखी वन स्टॉप सेंटर के छह वर्ष हुए पूरे

## 1212 प्रकरण किये गये दर्ज 1161 का निराकरण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 मार्च।** विपत्ति ग्रस्त महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सखी वन स्टॉप सेंटर का संचालन जिले में 10 मार्च 2017 से निरंतर किया जा रहा है। ''सखी'' वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य सभी आयु वर्ग की महिलाओं को घर के भीतर व बाहर घरेलु हिंसा, लैंगिक हिंसा, टोनही प्रताड़ना, आदि जैसे अपराधो के विरूद्ध एक ही छत के नीचे सलाह, संरक्षण व मार्गदर्शन प्रदान करना है। सखी वन स्टॉप केन्द्र 24 घंटे 7 दिन निरंतर सेवा हेतु तत्पर है। केन्द्र द्वारा पीड़ित महिलाओं को आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श,काउंसलिंग, विधिक सहायता, पुलिस सहायता एवं आश्रय प्रदान किया जाता है। केन्द्र प्रशासक कु तुलिका परगनिहा ने जानकारी देते हुए बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर में फरवरी 2023 तक 1212 प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें 1161 प्रकरण निराकृत कर 51 प्रकरण लंबित है, वर्तमान तक 478 पीड़िताओं को आश्रय सुविधा, 183 पुलिस सुविधा, 272 चिकित्सा सुविधा, 94 विधिक सुविधा उपलब्ध करवाया जा चुका है। वर्तमान तक 602 काउंसलिंग किया गया है, जिसमें से कई प्रकरणों में काउंसलिंग कर घरेलु विवाद से अलग हुए पति-पत्नि को एक किये जाने में सखी सेंटर की अहम भुमिका रही है एवं 52 भटकती अवस्था में मिली महिलाओं से 45 को उनके परिजन से मिलवाया गया अन्य महिलाएँ, बलिकाएँ को अन्य आश्रय गृह आश्रय हेतु भेजा गया। सखी वन स्टॉप सेंटर में सबसे अधिक दर्ज होने वाले प्रकरण घरेलु हिंसा से संबंधित है, जो कि 532 है, जिनमें से 359 पीड़िताओं को काउंसलिंग सुविधा उपलब्ध करवाया गया है एवं 65 पीड़िताओं को आश्रय सुविधा उपलब्ध करवाया गया है।

### कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर रजत बंसल ने सखी सेंटर के 6 वर्ष पूरे होने पर सखी सेंटर के सभी कर्मचारियों को बधाई दिए है। उन्होंने कहा आप सभी इसी तरह पूरी लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करते है। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी एल आर कच्छप ने भी सखी सेंटर के 6 वर्ष होने पर शुभकामनाएं संदेश प्रेषित किए है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया चैत्र नवरात्रि पर्व व डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी में तैनात जवानों को ब्रीफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 22 मार्च।** 22 से 30 मार्च तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में दर्शनार्थी आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस जिसमें 04 सेक्टर लगभग 1000 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का चैत्र नवरात्रि पर्व डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में डी.आर. आंचला सेनानी 14वीं वाहिनी छसबल बालोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफकर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाई पास से डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले, उप सेनानी 08वीं वाहिनी छसबल मोनिका ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पद्मश्री तंवर, उप पुलिस अधीक्षक जगदलपुर एम.आर. मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमएमएसी आकाश मरकाम, पुलिस अनुविभागी अधिकारी प्रभात पटेल एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-कांकेर

Phone No.:-07868-241213, Email Id:-ee-res.kanker@gov.in

### //मैनुअल पद्धति जोनल निविदा सूचना//

क्रमांक/38/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2022-23 कांकेर, दिनांक 20/03/2023

छ.ग. राज्य ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदत्त 'बी' एवं उच्च श्रेणी में लाईसेंसधारी, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित जनपद पंचायत अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है जोनल निविदा दिनांक 03.04.2023 शाम 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से (आमंत्रण क्रम प्रथम बार) आमंत्रित की जाती है तथा निविदा दिनांक 05.04.2023 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगीः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| 1 | जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों में आंतरिक विद्युतीकरण कार्य, **जनपद पंचायत-कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)** | रू. 10.00 लाख (प्रत्येक जनपद पंचायत में) |

निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://cg.nic.in/resworks में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-कांकेर

जी-99483/3

